


# दैनिक ढोलामारू

RNI No.56251/92

मेड़ता (नागौर),जयपुर, अजमेर, सिरोही,जालौर,पाली से प्रसारित

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

वर्ष: 34 | अंक: 300 | प्रभात | मेड़ता सिटी, सोमवार 23 मार्च, 2026 | www.dholamaru.co.in | पृष्ठ: 6 | मूल्य: 2.00 रुपये







## एक नजर



### छत्तीसगढ़ के खल्लारी माता मंदिर में रोप-वे केबल टूटा

**ट्रॉली 20 फीट नीचे गिरी, चट्टान से टकराई, युवती की मौत, 4 की हालत गंभीर**

महासमुंद(एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर में रविवार को सुबह करीब 10:30 बजे रोप-वे का केबल अचानक टूट गया। ट्रॉली में सवार 5 श्रद्धालु 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरे। ट्रॉली पहाड़ी की चट्टान से टकराई। हादसे में एक युवती की मौत हो गई है। 4 गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पलात रेफर किया गया।



असम विधानसभा चुनाव

### टीएमसी ने जारी की दूसरी उम्मीदवार सूची, सात उम्मीदवारों के नाम शामिल

दिसपुर। असम विधानसभा चुनाव को लेकर टीएमसी ने अपनी दूसरी उम्मीदवार सूची जारी कर दी है। पार्टी की ओर से यह घोषणा पार्टी अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मार्गदर्शन में की गई है। इस सूची में असम में तृणमूल कांग्रेस के सात उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। जारी सूची के अनुसार, मांडिया (बारपेटा) सीट से शेरमन अली अहमद, हाजो-सुअलकुची (एससी) सीट से रोजी अहमद , गुवाहाटी सेंट्रल से अविजीत मजूमदार, चाबुआ-लाहोवाल से इनुस कुमार कंदापन, मरियानी (जोरहाट) से परेश बोरा, करीमगंज नॉर्थ से परिमल रंजन रॉय और करीमगंज साउथ से अजीज अहमद खान को उम्मीदवार बनाया गया है।



### कतर हेलिकॉप्टर क्रैश में 6 की मौत, एक लापता: गृह मंत्रालय

दोहा(एजेंसी)। कतर में एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। रविवार को देश के गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि हादसे में मारे गए 6 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक अब भी लापता है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि देश के समुद्री इलाके में चलाए जा रहे सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान हेलिकॉप्टर में सवार 7 में से 6 लोगों का पता चल गया है। विभाग ने मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी है। नोट के मुताबिक, विशेष टीमें अब भी लापता व्यक्ति की तलाश में जुटी हुई हैं।

# एसएचओ-कॉन्स्टेबल को 8 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा

**NDPS-केस में 4 लोगों को आरोपी नहीं बनाने की एवज में मांगे थे 20 लाख रु.**

उदयपुर(वि.सं.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने उदयपुर में मांडवा थानाधिकारी और कॉन्स्टेबल को 8 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत एनडीपीएस एक्ट के केस में 4 लोगों को आरोपी नहीं बनाने की एवज में मांगी गई थी। जानकारी के अनुसार, मांडवा थाने के SHO निर्मल कुमार खत्री और कॉन्स्टेबल भालाराम ने NDPS एक्ट केस में 4 लोगों को आरोपी नहीं बनाने की एवज में रिश्वत मांगी थी। एसीबी डीआईजी रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में उदयपुर एसीबी थानाधिकारी सोनू शेखावत ने दोनों को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।



निर्मल कुमार खत्री, SHO, मांडवा थाना | भालाराम, कॉन्स्टेबल, मांडवा थाना


**धमकाया- पैसे नहीं दिए तो आरोपी बना देंगे**

थानाधिकारी सोनू शेखावत ने बताया- थानाधिकारी निर्मल कुमार और कॉन्स्टेबल भालाराम ने मुकदमे में 4 लोगों को आरोपी नहीं बनाने की एवज में 20 लाख रुपए रिश्वत की डिमांड की थी। इसको लेकर शिकायतकर्ता को डरा-धमकाकर परेशान किया जा रहा था। थानाधिकारी धमकी देते थे कि अगर पैसे नहीं दिए तो आरोपी बना देंगे। परेशान शिकायतकर्ता ने इसकी रिपोर्ट एसीबी टीम को कर दी। टीम ने ट्रैप कार्रवाई का जाल बिछाया और एसएचओ-कॉन्स्टेबल को थाने के अंदर 8 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

# अमेरिका से एलपीजी, रूस से क्रूड लेकर भारत पहुंचा शिप

## गैस-कच्चा तेल लेकर 5 जहाज भारत आ चुके

बेंगलुरु(एजेंसी)। अमेरिका के टेक्सास से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) लेकर एक कार्गो शिप रविवार को मेंगलुरु पोर्ट पर पहुंच गया है। वहीं रूस से एक जहाज क्रूड लेकर भारत आया। पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंचे। इससे पहले 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात में अडाणी पोर्ट्स आया था। वहीं, दो अन्य LPG कैरियर MT शिवालिक और MT नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस लेकर 16 और 17 मार्च को भारत आए थे। हालांकि, ये तीनों जहाज होर्मुज के रास्ते से होकर गुजरे थे। फारस की खाड़ी में अभी भी करीब 22 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं। हालांकि, वे सभी सुरक्षित हैं। फारस की खाड़ी में मौजूद होर्मुज स्ट्रेट



दुनिया के अहम शिपिंग रूट्स में शामिल है। यहां से दुनियाभर की करीब 20त्न ऑयल की सप्लाई होती है। भारतीय झंडे वाला क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात के मुंद्रा पोर्ट (अडानी पोर्ट्स) पर आया था।

इस टैंकर में करीब 80,886 मीट्रिक टन कच्चा तेल था।

भीषण सड़क हादसा

# जीप और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत,खैरवा निवासी युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत

**लग्जरी जीप की चपेट में आया बाइक सवार**

**ढोलामारू न्यूज**

डेगाना । क्षेत्र में शनिवार शाम हुए एक भीषण सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं।खैरवा निवासी एक युवक की लग्जरी जीप से जोरदार टक्कर हो गई,जिसमें युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।जानकारी के अनुसार खैरवा निवासी मांगीलाल (35) पुत्र जोराराम सियाक शनिवार शाम अपनी बाइक पर सवार होकर जा रहे थे।

इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार लग्जरी जीप और बाइक की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और मांगीलाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।अधिक रक्तस्राव होने के कारण उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे।ग्रामीणों ने घायल युवक को तत्काल डेगाना के राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया।हालांकि वहां मौजूद चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया।शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है,जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।



# मीरां महिला मंडल अध्यक्ष उमा शर्मा रजत ने किया गणगौर पूजन



**ढोलामारू न्यूज**

मेड़ता सिटी। मेड़ता नगर पालिका के तत्वावधान में मनाए जा रहे चार दिवसीय गणगौर महोत्सव के प्रथम दिन शनिवार रात्रि में मीरांबाई स्मारक के सामने चारभुजा चौक में दर्शनार्थ रखी गई गणगौर के दर्शन करने के लिए महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मीरां महिला मंडल अध्यक्ष उमा शर्मा रजत सहित सैंकड़ों महिलाओं ने गणगौर के दर्शन कर पूजन किया। मीरां महिला मंडल अध्यक्ष उमा शर्मा रजत ने बताया कि गणगौर व्रत का विशेष महत्व विवाहित महिलाओं के लिए है, जो इसे अपने पति की लंबी उम्र के लिए करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस व्रत को रखने वाली महिलाओं को भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसके अलावा, कुंवारी कन्याएं भी इस व्रत को रखती हैं, क्योंकि मान्यता है कि इससे उन्हें मनचाहा वर मिलता है। कार्यक्रम में पालिका पूर्व अध्यक्ष शकुंतला सिंघवी, हेमा पुरोहित, रेखा पुरोहित, सुषमा शर्मा, कपिला शर्मा सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई।

# ऑपरेशन संकल्प के तहत बड़ी कार्रवाई, 600 अफीम डोडा पौधे बरामद

## तिलोकराम गिरफ्तार, खींवसर पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

**ढोलामारू न्यूज**

मेड़ता/नागौर। जिले में चलाए जा रहे ÷ऑपरेशन संकल्प ङ्क नशा मुक्त नागौर÷ अभियान के तहत नागौर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा की खेती का खुलासा किया है। पुलिस ने कुल 600 अफीम डोडा के पौधे बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना (आईपीएस) के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी तथा सहायक पुलिस अधीक्षक जतिन जैन (आईपीएस) के सुपरविजन में थाना खींवसर की थानाधिकारी सुश्री अदिति उपाध्याय (आईपीएस, प्रोबेशन) ने टीम के साथ यह कार्रवाई की। पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम आकला निवासी तिलोकराम पुत्र कानाराम जाट (47) अपने मकान व खेत में अवैध रूप से अफीम डोडा की खेती कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के मकान के पास बने पक्के कमरे से 150 कटे हुए व सुखाए गए अफीम डोडा के पौधे बरामद हुए। इसके बाद आरोपी के कब्जे वाले खेत की जांच की गई, जहां लहसुन, पालक और मूली की क्यारियों के बीच छिपाकर बोए गए 450 हरे-गीले अफीम डोडा के पौधे पाए गए। पुलिस ने इन सभी पौधों को जड़ सहित उखाड़कर जब्त कर लिया।

मौके से आरोपी तिलोकराम को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में थाना खींवसर में प्रकरण संख्या 61/2026, धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्रकरण की जांच विनोद कुमार आरपीएस, थानाधिकारी पुलिस थाना पांचौड़ी को सौंपी गई है।

### जर्जर विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 300 करोड़ रु. की दी स्वीकृति

**मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार**

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में जर्जर विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा 300 करोड़ रुपये की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मजबूत आधारभूत संरचना का निर्माण हमारी प्राथमिकता है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक विद्यार्थी को सुरक्षित, आधुनिक और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण मिले, ताकि वे अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में केंद्र सरकार के इस सहयोग से प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार होगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# हनुमान जयंती को लेकर पोस्टर का विमोचन किया




**ढोलामारू न्यूज**

मेड़ता सिटी । आगामी 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर वाहन रैली का पोस्टर विमोचन रविवार को चारभुजा मंदिर में किया गया। वाहन रैली मुख्य मार्गो से होते हुए सिद्धि विनायक मंदिर से रवाना होकर शहर की विभिन्न मार्गो से होते हुए महालक्ष्मी बालाजी मंदिर में समापन होगा ।

इसको लेकर बहुरंगी पोस्टर का विमोचन किया गया ।

इस अवसर पर सरक्षक मनोहर लाल गहलोत, महेश आर्य ,पवन कुमार परतानी अध्यक्ष सुधीर कुमार ओझा मंत्री गणपत सिंह पीडीआर,उपाध्यक्ष कपिल सारस्वत कोषाध्यक्ष सीपी डीडवानिया , भगवतीलाल टेलर , मदन लोहिया, नंदू जी कथा व्यास, भरत भोजक,नथमल नागर, विशाल लोभानिया सीपी बिड़ला, सुजीत सेन,श्याम रामावत,सीताराम बजाज,दिनेश सोनी,सहित रहे मौजूद

मुख्यमंत्री की किसानों के प्रति संवेदनशीलता

# बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान पर लिया संज्ञान

**सभी जिला कलक्टर्स को सर्वे करवाकर शीघ्र रिपोर्ट भेजने के दिए निर्देश**

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान पर संज्ञान लेते हुए सभी जिला कलक्टर्स को सर्वे करवाकर शीघ्र रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की हर परिस्थिति में सहायता के लिए पूर्ण संवेदनशीलता के साथ तत्पर है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि किसानों की पीड़ा हमारी पीड़ा है। राजस्थान की समृद्धि का आधार हमारे अन्नदाता भाई-बहन हैं।संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ किसान भाइयों के साथ दृढ़तापूर्वक खड़ी है। प्रत्येक प्रभावित किसान को शीघ्र एवं समुचित सहायता उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

राजस्थान हाईकोर्ट | एयरपोर्ट के पास 9000 वर्गमीटर जमीन का केस हारा जेडीए

# हाईकोर्ट ने जयपुर विकास प्राधिकरण की याचिका खारिज की, आवंटन पत्र जारी करने के निर्देश

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने टोंक रोड पर एयरपोर्ट प्लाजा स्कीम के पास 9000 वर्ग मीटर जमीन के मामले में जेडीए की विशेष अपील को खारिज कर दिया है। खंडपीठ ने एकलपीठ के 6 अगस्त 2009 के आदेश में दखल से इनकार करते हुए उसे बरकरार रखा है। अदालत ने जेडीए को निर्देश दिया है कि वह राज्य सरकार के 12 मई 2003 और 19 मई 2003 के आदेश को तत्काल लागू करते हुए प्रार्थी साई दर्शन



होटल्स मोटल्स के पक्ष में 9000 वर्ग मीटर जमीन का आवंटन आदेश जारी करे। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा व जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश जेडीए की अपील पर दिए।

**15 फीसदी विकसित जमीन का हकदार माना**

खंडपीठ ने कहा कि एकलपीठ ने प्रार्थी को 15 फीसदी विकसित जमीन प्राप्त करने का अधिकारी माना है जो सही है। खंडपीठ ने माना कि राज्य सरकार अपने ही निर्णयों से पीछे नहीं हट सकती, खासकर तब जब संबंधित पक्ष ने उन पर भरोसा कर अपने मुकदमे वापस ले लिए हों। प्रार्थी कंपनी ने अपनी तरफ से सभी मुकदमे वापस लेकर शर्तें पूरी कर दी थी। ऐसे में उन्हें 15 प्रतिशत विकसित भूमि देना न्यायसंगत होगा।

**जेडीए ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया**

जेडीए की ओर से दलील दी गई कि इस जमीन का आवंटन अवैध तरीके से हुआ है और उसे आर्थिक नुकसान होगा। वहीं जेडीए ने इस मामले में भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया।

### पीसीसी की सीए सेल की तरफ से 24 मार्च को आर्थिक न्याय सम्मेलन

जयपुर । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सीए सेल द्वारा 24 मार्च को आर्थिक न्याय सम्मेलन एवं वार्षिक कार्यक्रम आरएएस क्लब में आयोजित किया जायेगा। सीए प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नितिन व्यास ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक अशोक चांदना, प्रशान्त शर्मा, शिखा मील बराला, जयपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा व कांग्रेस संगठन महासचिव ललित तूनवाल भी उपस्थित रहेंगे।

## सम्पादकीय ................

# पाकिस्तान नहीं समझ पाया इस्लाम का सही मतलब

पाकिस्तान खुद को दुनिया का सबसे बड़ा इस्लामी देश कहता है। उसका झंडा, उसका नाम, उसकी सारी बातें इस्लाम से जुड़ी दिखाई देती हैं, लेकिन हकीकत कुछ और है। यह देश मुसलमानों को ही मारता रहा है। सबसे ताजा उदाहरण अफगानिस्तान का है। पाकिस्तान ने 16 मार्च को काबुल के एक अस्पताल पर हवाई हमला किया। तालिबान सरकार का आरोप है कि इस हमले में 400 लोग मारे गए और 250 घायल हुए। हमला रमजान के महीने में हुआ, जब लोग रोजा रखकर नमाज पढ़ रहे थे। अस्पताल में ज्यादातर गरीब अफगान थे, जो नशे की लत से छुटकारा पाने आए थे। पाकिस्तान कहता है कि हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन तालिबान और अफगान मीडिया साफ-साफ कह रहे हैं कि यह नागरिक अस्पताल था। यहां सवाल यह है कि रमजान में अस्पताल पर हमला करना क्या इस्लाम सिखाता है? पाकिस्तान का दावा है कि तालिबान आतंकियों को पनाह देता है, लेकिन मारे गए तो आम मुसलमान मरीज हैं। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में पाकिस्तानी फौज ने लाखों लोगों का कत्ल किया। अय्याश पाकिस्तान सेनाध्यक्ष टिक्का खान को 'बुचर ऑफ बंगाल' कहा गया। एक इस्लामी देश ने अपने ही लोगों पर इतना जुल्म किया- यह पाखंड नहीं, तो और क्या है? पाकिस्तान के भीतर भी मुसलमानों से भेदभाव होता है। अहमदिया मुसलमानों को कानून से 'गैर-मुस्लिम' घोषित कर दिया गया है। 1974 के संविधान संशोधन और अध्यादेश के तहत उन्हें मस्जिद कहने, सलाम कहने, यहां तक कि कुरान छूने तक की इजाजत नहीं।

# टाटा ईवी ने फियरलेस + क्यूडब्ल्यूडी को हैरियर ईवी में लॉन्च के साथ क्वाड व्हील ड्राइव को बना दिया और भी ज्यादा सुलभ

ग्राहक अब भारत की सबसे शक्तिशाली घरेलू एस यू वी की बेजोड़ सुपरकार जैसी परफॉर्मेंस और कहीं भी जाने की ऑफ-रोड क्षमता का आनंद ले सकते हैं, जिसकी शुरुआती कीमत 26.49 Lakh ex-showroom है

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी 4-पहिया EV निर्माता कंपनी, टाटा ईवी, ने आज भारत की सबसे शक्तिशाली घरेलू एस यू वी, हैरियर ईवी, के लिए बिल्कुल नया फियरलेस+क्यूडब्ल्यूडी 75 मॉडल लॉन्च किया है। इस लॉन्च के साथ, ग्राहक अब हैरियर ईवी की बेजोड़ सुपरकार जैसी परफॉर्मेंस और डुअल-मोटर क्वाड व्हील ड्राइव के साथ कहीं भी जाने की ऑफ-रोड क्षमता का आनंद और भी ज्यादा किफायती कीमत 26.49 Lakh (एक्स-शोरूम) पर ले सकते हैं।




फियरलेस+क्यूडब्ल्यूडी 75 में आराम और टेक्नोलॉजी फीचर्स का एक बेहतरीन मेल है। इनमें मेमोरी फंक्शन वाली 6-तरफा पावर्ड ड्राइवर सीट, 4-तरफा पावर्ड को-ड्राइवर सीट और आगे की वेंटिलेटेड सीटें शामिल हैं। यह गाड़ी 360-डिग्री कैमरे, JBL Black 10-स्पीकर ऑडियो सिस्टम, R19 अलॉय व्हील्स और वॉइस-असिस्टेड डुअल-ज़ोन पूरी तरह से ऑटोमैटिक टेम्परेचर कंट्रोल से लैस है। अतिरिक्त फीचर्स में एम्बिएंट लाइटिंग, पीछे की सीटों के लिए आरामदायक हेडरेस्ट और पीछे की खिड़कियों पर सनशेड शामिल हैं, जो रोजाना ड्राइविंग का एक संतुलित अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

इसके अलावा, ग्राहक को पूरी तरह से मन की शांति देने के लिए हैरियरईवी फियरलेस+क्यूडब्ल्यूडी 75 में सहज ओनरशिप अनुभव के लिए अनलिमिटेड लाइफटाइम बैटरी वारंटी भी मिलती है।

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक वत्स ने कहा, 'हमें यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि हैरियर ईवी को हमारे ग्राहकों से कितना प्यार मिला है। सिर्फ 6 महीनों में 13,000 से ज्यादा हैरियर ईवी डिलीवर होने के साथ, इसकी क्षमता और संभावनाओं में ग्राहकों ने ज़बरदस्त दिलचस्पी दिखाई है। इन ग्राहकों ने इसकी 'कहीं भी जाने की क्षमता' का इस्तेमाल करके पूरे भारत में 100 mn km से ज़्यादा की दूरी सफलतापूर्वक तय की है। यह इस बात का एकदम सही उदाहरण है कि हम परफॉर्मेंस एस यू वी को कैसे आकर्षक और साथ ही सुलभ बना रहे हैं। फियरलेस अवतार में समीक्षकों द्वारा सराही गई डुअल-मोटर क्वाड व्हील ड्राइव टेक्नोलॉजी को पेश करके, अब हम इस सुलभता को और आगे ले जाना चाहते हैं। हम और ज्यादा वैल्यू देकर और ज्यादा ग्राहकों को हैरियर ईवी के साथ 'डिलीट-इम्पॉसिबल' के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।'

## 1 अप्रैल से महंगी होंगी टाटा की कारें

**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी), जो भारत में कारों और एसयूवी के प्रमुख निर्माताओं में से एक है, ने आज घोषणा की कि वह अपने यात्री वाहनों (आईसीई पोर्टफोलियो) की कीमतों में 1 अप्रैल 2026 से बढ़ोतरी करेगी। कंपनी के अनुसार, यह मूल्य संशोधन लगातार बढ़ती इनपुट लागतों के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए किया जा रहा है। कुल मिलाकर, आईसीई पोर्टफोलियो में कीमतों में औसतन 0.5% की बढ़ोतरी होगी, हालांकि वास्तविक वृद्धि अलग-अलग मॉडलों और वेरिएंट्स के अनुसार भिन्न हो सकती है।

## सैमसंग गैलेक्सी एम 17 ई 5 जी की भारत में बिक्री शुरू

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने आज गैलेक्सी एम 17 ई 5 जी की बिक्री की घोषणा की, जो प्रमुख स्मार्टफोन फीचर्स के साथ विश्वसनीय प्रदर्शन और रोजमर्रा की उपयोगिता प्रदान करता है। गैलेक्सी एम 17 ई 5 जी एक स्मूथ डिस्प्ले, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी, कुशल प्रदर्शन, सक्षम कैमरा और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर के साथ आता है और युवा भारतीय उपभोक्ताओं की गतिशील जरूरतों को पूरा करता है। आज से, गैलेक्सी एम 17 ई सैमसंग डॉट कॉम, अमेज़न और चुनिंदा रिटेल आउटलेट्स पर 13999 रुपये की शुरुआती कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। गैलेक्सी एम 17 ई 5 जी ऑटो ब्लॉकर और सैमसंग नॉक्स वॉल्ट जैसे उन्नत फीचर्स से लैस है, ताकि आपकी संवेदनशील जानकारी सुरक्षित रहे। छह पीढ़ियों के OS अपग्रेड और छह साल के सुरक्षा अपडेट के साथ, आपका डिवाइस आपकी जरूरतों के साथ विकसित होता है।




## बेहद लोकप्रिय हरियाणवी म्यूज़िक शीशा का धमाकेदार वीडियो आउट

**नई दिल्ली।** क्षेत्रीय संगीत अब अपनी पहचान के लिए इंतज़ार नहीं कर रहा है, बल्कि यह आगे बढ़कर लीड कर रहा है। हफ्तों तक वायरल चार्ट्स, प्लेलिस्ट्स, रील्स और श्रोताओं की लूप पर राज करने के बाद, मित्ता रोर और स्वरा वर्मा के वायरल हिट गीत शीशा (आख्यां में आंख घाली जो बैरण) का बहुप्रतीक्षित आधिकारिक म्यूज़िक वीडियो अब रिलीज़ हो गया है, जिसमें सोराब बेदी और निहारिका तिवारी नज़र आ रहे हैं! मित्ता रोर द्वारा लिखित और संगीतबद्ध, स्वरा वर्मा की बेहतरीन आवाज़, ये ईश्वर द्वारा निर्मित और तेज़ी संधू द्वारा निर्देशित, शीशा धीरे-धीरे एक रीजनल रिलीज़ से देश के सबसे चर्चित गानों में से एक बन गया है। यह वीडियो उसी लय को आगे बढ़ाता है और ट्रैक की शानदार एनर्जी को एक ऐसी कहानी में बदल देता है जो संगीत की तरह ही दिल को छू लेने वाली लगती है। वीडियो के मुख्य आकर्षण राजमा चावल और तीखी मिर्ची, यानी सोराब बेदी और निहारिका तिवारी हैं, एक ऐसी जोड़ी जिसे दर्शक पहले से ही ऑनलाइन खूब पसंद कर रहे हैं। जब इस ट्रैक के साथ दोनों के फैन एडिट्स बड़े पैमाने पर वायरल होने लगे, तो उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के कारण इस गाने को अपने आप ही एक वायरल मोमेंट मिल गया। उसी लहर को आगे बढ़ाते हुए, अब आधिकारिक म्यूज़िक वीडियो उन्हें एक साथ लेकर आया है, जिसने फैंस की कल्पना को एक शानदार विज़ुअल ट्रीट में बदल दिया है! चार्ट के आंकड़े खुद अपनी कहानी बयां करते हैं।

## रैडिसन ब्लू पैलेस रिसॉर्ट एंड स्पा, उदयपुर में 'द राइट सर्कल' का आयोजन; लेखिका प्रियंका शर्मा कैन्तुरा के साथ सजी साहित्य की महफ़िल


**उदयपुर।** रैडिसन ब्लू पैलेस रिसॉर्ट एंड स्पा, उदयपुर ने प्रभा खेतान फाउंडेशन के सहयोग से 'द राइट सर्कल' नामक एक विशेष साहित्यिक सत्र का आयोजन किया, जिसमें प्रसिद्ध लेखिका और वक्ता प्रियंका शर्मा कैन्तुरा मुख्य अतिथि रहीं। शुक्रवार, 20 मार्च 2026 को आयोजित इस सत्र में मेहमानों ने दिलचस्प बातचीत, कहानी कहने के अंदाज़ और सांस्कृतिक संवाद से भरी एक सुखद शाम का अनुभव किया। इस सत्र के दौरान प्रियंका शर्मा कैन्तुरा और स्वाति अग्रवाल के बीच एक सार्थक और रोचक चर्चा भी हुई।



प्रियंका शर्मा कैन्तुरा एक प्रतिष्ठित लेखिका, वक्ता और 'ब्रांड-रेपुटेशन-चेंज-कल्चर' कम्युनिकेशन लीडर हैं, जिन्हें कॉर्पोरेट जगत में 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने 'माय जिफीज़' और 'महादेवी- द अनसीन ट्रूथ बिहाइंड एग्ज़िस्टेंस' जैसी पुस्तकें लिखी हैं। पौराणिक और सामाजिक विषयों पर अपनी विशेष पकड़ और गहरी सोच के लिए उन्होंने काफी सराहना बटोरी है। उन्हें 'इंदिरा प्रियदर्शिनी अवॉर्ड 2023' और 'टाइम्स पावर आइकन 2018' सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

# डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेट्रीज़ ने टाइप 2 डायबिटीज के लिए भारत का पहला डी सी जी आई- स्वीकृत सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन 'ओबेडा' लॉन्च किया

**हैदराबाद।** डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेट्रीज़ लिमिटेड; अपनी सहायक कंपनियों सहित एक वैश्विक फार्मास्युटिकल कंपनी, ने आज 'ओबेडा' ब्रांड नाम के तहत अपने इंजेक्टेबल सेमाग्लूटाइड के लॉन्च की घोषणा की। यह भारत में टाइप 2 डायबिटीज के प्रबंधन के लिए उन्नत जी एल पी -1 रिसेप्टर एगोनिस्ट आधारित थेरेपी तक पहुंच का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. रेड्डीज़ जेनरिक सेमाग्लूटाइड के लिए ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डी सी जी आई ) से मंजूरी प्राप्त करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। यह लॉन्च पेटेंट समाप्ति के साथ ही इस सेगमेंट में कंपनी की 'डे-1' एंट्री को रेखांकित करता है और भारत में मरीजों की अपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उसकी तत्परता को दर्शाता है। डॉ. रेड्डीज़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एरेज़ इस्राएली ने कहा, 'आज का यह लॉन्च हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारत और वैश्विक बाजारों में महत्वपूर्ण उपचार क्षेत्रों में हमारे पोर्टफोलियो का विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। GLP-1 थेरेपी में हमारी एंट्री जटिल उत्पाद विकास और पेप्टाइड साइंस में हमारी क्षमताओं को प्रतिबिंबित करती है। यह नवाचार और पहुंच को साथ लाकर स्वास्थ्य सेवा में एक विश्वसनीय भागीदार बनने के हमारे दृष्टिकोण को मजबूत करता है, जिससे उन्नत डायबिटीज उपचार न केवल उपलब्ध हों, बल्कि किफायती भी हों। फेज-1 लॉन्च के तहत, हम कई देशों में जेनरिक सेमाग्लूटाइड पेश करने का लक्ष्य रखते हैं और 'वन प्रोडक्ट, वन क्वालिटी' दृष्टिकोण के माध्यम से सभी बाजारों में समान उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'



# पी एंड जी सेहत का 'वुमन केयर वीक' - 10 अलग-अलग स्थानों पर 10,000 वंचित महिलाओं तक पहुंचीं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ

**जयपुर।** प्रॉक्टर एंड गैम्बल हेल्थ लिमिटेड (न्यूरोबियन, लिवोजेन, एवियन जैसे ब्रांड बनाने वाली कंपनी) की स्वास्थ्य केंद्रित कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल पी एंड जी सेहत ने एएनजीओ हेल्पएज इंडिया के साथ साझेदारी में हाल ही में अपना विशेष 'वुमन केयर वीक' सफलतापूर्वक पूरा किया। इस पहल के तहत 10 वंचित समुदायों में 10,000 से अधिक बुजुर्ग महिलाओं, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं तथा किशोरियों को निःशुल्क और समग्र प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। इनमें पालघर, गोवा, चेन्नई, पुरी, गुवाहाटी, पटना, फतेहपुर, मथुरा, रुद्रप्रयाग और जयपुर जैसे शहर शामिल थे। मिलिंद थाट्टे , मैनेजिंग डायरेक्टर, पी एंड जी हेल्थ इंडिया, ने कहा, 'देश भर के कई वंचित समुदायों में समय पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच अब भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, खासकर बुजुर्ग महिलाओं, गर्भवती माताओं और किशोरियों के लिए। पीएंडजी सेहत का 'वुमन केयर वीक' इसी कमी को दूर करने के उद्देश्य



से शुरू किया गया, जिसके तहत इन समुदायों के दरवाजे तक विशेष स्वास्थ्य शिविर पहुँचाए गए। साथ ही, पोषण और आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) जैसी सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाकर दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। यह विशेष सप्ताह हमारे समर्पित मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट्स के माध्यम से पहले से जारी स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच को और मजबूत करने की एक समन्वित पहल है।

## मैं अपनी शर्तों पर जीती हूं, सिंगल रहना मेरी पसंद : दिव्या दत्ता

अभिनेत्री दिव्या दत्ता पर्दे पर जितने दमदार तरीके से हर एक किरदार को पेश करती हैं, वास्तविक जिंदगी में भी अपनी बेबाकी और सच्चाई से भरी बातों के लिए जानी जाती हैं। इसी कड़ी में दिव्या समाज की पुरानी और पितृसत्तात्मक सोच पर खुलकर बात करती नजर आईं। आईएएनएस से खास बातचीत में दिव्या ने सिंगल रहने, शादी और मातृत्व को लेकर समाज की अपेक्षाओं पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि किसी भी इंसान की जिंदगी को एक ही तराजू में नहीं तोला जा सकता और हर किसी की कहानी अलग-अलग होती है। दिव्या से जब पूछा गया कि आज के समय में सिंगल रहना कितना मुश्किल है और क्या समाज अब भी मानता है कि कोई महिला शादी या बच्चे होने से ही पूरी होती है, तो उन्होंने अपनी राय रखते हुए बताया, ÷चाहे मेरे पास पार्टनर हो या मैं सिंगल हूं, मैं अपनी जिंदगी का मजा लेती हूं और यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। मुझे लगता है कि हर इंसान की कहानी अलग होती है। यह आम राय बनाना कि पार्टनर होना अच्छा है या सिंगल रहना अच्छा है, यह किसी के लिए भी सही नहीं। जो आपके लिए सही काम करता है, वही सबसे बढ़िया है। मेरे लिए यह सही है और मैं इससे खुश हूं।÷उन्होंने आगे कहा, मेरा स्पष्ट मानना है कि लोगों को दूसरों की जिंदगी के फैसलों पर राय नहीं बनानी चाहिए। अगर किसी को अच्छा पार्टनर मिल गया, तो उनके लिए सही है। अगर नहीं मिला, तो उन्हें जो सही लगे, वही करना चाहिए। आप किसी की जिंदगी को एक ही तराजू में नहीं तोल सकते। मेरी जिंदगी ऐसी ही रही है और मैं इसका मजा लेती हूं। इसलिए जो भी फैसले मैंने लिए, उन पर मुझे गर्व है।





## जब तनुश्री दत्ता को होने लगा था परलौकिक शक्तियों का अहसास; खुद सुनाई थी अपने बचपन की कहानी

जमशेदपुर की गलियों से निकलकर मिस इंडिया यूनिवर्स 2004 का ताज पहनकर बॉलीवुड में छाने वाली तनुश्री दत्ता भले ही फिल्मों से दूर हैं, लेकिन अपने विवादों से हमेशा सुर्खियों में रही हैं। अभिनेत्री ने नाना पाटेकर पर गंभीर आरोप लगाए थे और बॉलीवुड के डार्क साइड के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री अपनी फिल्मों से ज्यादा विवादों से ही सुर्खियों में रही, लेकिन उनकी आध्यात्मिक यात्रा भी किसी फिल्म की कहानी की तरह रही। तनुश्री ने यह भी दावा किया था कि उन्हें बचपन से ही आत्माएं दिखती थी और वे उनसे बात भी करती थी। 19 मार्च को जन्मीं तनुश्री दत्ता ने बॉलीवुड में %आशिक बनाया आपने% और %ढोल% फिल्मों में काम किया। अभिनेत्री के द्वारा निभाए गए ज्यादातर किरदार बोल्ड थे, लेकिन पर्दे पर बोल्ड इमेज से फैंस का दिल जीतने वाली तनुश्री असल जिंदगी में बहुत आध्यात्मिक रही। लद्दाख के मठों में साधना और आत्मनिरीक्षण का मार्ग चुनने वाली तनुश्री का बचपन रहस्यों से भरा था। जहां दो-चार साल का बच्चा, जिसमें खुद की समझ विकसित नहीं हो पाती है, उस उम्र में अभिनेत्री को आत्माएं दिखती थीं। यह हमारा नहीं बल्कि तनुश्री का मानना है। तनुश्री ने एक पुराने इंटरव्यू में खुलासा किया था कि घटना होने से 6 महीने पहले ही उन्हें पता चल गया था कि उनके पड़ोस से थोड़ी दूरी पर मौजूद घर में कुछ बुरा होने वाला है। अभिनेत्री ने दावा किया था कि जब वे छोटी थी तो उन्हें एनर्जी दिखती थी, जो उन्हें सावधान करती थी। वे उनसे बातें करती थी और साथ में खेलती भी। एनर्जी कभी बच्चों के रूप में तो कभी किसी अन्य के रूप में दिखती थी।अभिनेत्री ने दावा किया कि एक एनर्जी ने उन्हें 6 महीने पहले ही बता दिया कि पड़ोस से थोड़े दूर घर में कुछ बुरा होने वाला है, तो वहां नहीं जाना है। चार साल की तनुश्री के मन में बैठ चुका था कि वह जगह सेफ नहीं है। और उन्होंने अपनी मां को बताया कि वहां नहीं जाना है। छह महीने बाद उस घर में महिला की मौत हो जाती है। अभिनेत्री के अनुसार, स्कूल के समय में भी एनर्जी बच्चों के रूप में नजर आती थी और वे उनके साथ खूब सारी बातें और मिट्टी में खेला भी करती थी।

## एचसीएल फाउंडेशन ने 11वें एचसीएल टेक ग्रांट के विजेताओं की घोषणा की

**नोएडा।** वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएलटेक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एजेंडे को आगे बढ़ाने वाली एचसीएलफाउंडेशन ने आज एचसीएल ग्रांट के 11वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा की।

एचसीएल ग्रांट उन भारतीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को सहायता देता है जो जल, जैव विविधता, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में नई और परिवर्तन लाने वाली परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। इस साल के संस्करण में 'जल' एक नई श्रेणी के रूप मे जोड़ा गया है और ग्रांट की राशि बढ़ाकर 24 करोड़ (लगभग 2.58 मिलियन; 1 रुपया = 93 अमेरिकी डॉलर) कर दी गई है।

चार एनजीओ में से प्रत्येक को अपनी-अपनी प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए 5 करोड़ (लगभग 537,000) मिलेंगे।

**जल श्रेणी-** ग्रामीण विकास विज्ञान समिति (ग्राविस) राजस्थान। थार रेगिस्तान में जल संचयन और भंडारण को बढ़ावा देकर, बाड़मेर ज़िले के 10 गाँवों में लचीले और टिकाऊ रेगिस्तानी समुदायों का निर्माण करना।

**जैव विविधता श्रेणी-** लाइव फाउंडेशन, झारखंड। झारखंड कें पश्चिमी सिंहभूम जिले के 50 गाँवों में समुदाय की अगुवाई वाली 'इन-सीटू' संरक्षण पद्धति के माध्यम से जैव विविधता और वन पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करना।

**स्वास्थ्य श्रेणी-** गुडविल फाउंडेशन मिज़ोरम। मामित ज़िले के 40 गाँवों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच बढ़ाकर ग्रामीण समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार लाना।

**शिक्षा श्रेणी-** महिला जन अधिकार समिति, राजस्थान। अजमेर ज़िले के 30 गाँवों में समग्र शिक्षा के माध्यम से युवतियों के बीच लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।

इसके अतिरिक्त, आठ एनजीओ में से प्रत्येक को अपनी-अपनी प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए 50 लाख (953,700) मिलेंगे।

पत्रिका की-नोट कार्यक्रम | लोकतांत्रिक परंपराओं को सशक्त बनाने में पत्रकारिता की भूमिका अहम

# पत्रकारिता सरकार और जनता के बीच सेतु:शर्मा




जयपुर(नि.सं.)। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र हमारी संस्कृति, परंपरा और जीवन पद्धति में सदैव विद्यमान रहा है। देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को सशक्त बनाए रखने में पत्रकारिता की अहम भूमिका रही है। पत्रकारिता समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को शासन तक पहुंचाने का कार्य करती है। बिरला पत्रिका समूह के संस्थापक श्रद्धेय कर्पूर चंद्र कुलिश जी के जन्म शताब्दी पर्व के उपलक्ष में आयोजित पत्रिका की-नोट कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्पूर चंद्र कुलिश जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों पर आधारित पत्रकारिता की एक नई मिसाल स्थापित की, जो आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। आज भी राजस्थान पत्रिका श्री गुलाब कोठारी के नेतृत्व में उन्हीं मूल्यों के आधार पाठक को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने भाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि लोकसभा में सदस्यों को 22 भाषा में बोलने का अवसर दिया गया। इससे जनप्रतिनिधियों का अपनी क्षेत्र की जनता के साथ जुड़ाव मजबूत हुआ। कुलिश जी ने कहा था कि जनसंख्या बोझ नहीं है। आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है।

**कुलिश जी का जीवन सत्य और जनसेवा को समर्पित - मुख्यमंत्री**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि निर्भीक एवं निष्पक्ष पत्रकारिता लोकतंत्र की ताकत है। पत्रकारिता समाज को जागरूक करने के साथ ही सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करती है। इसके माध्यम से उठाए गए विषयों पर न केवल सरकार का ध्यान आकर्षित होता है, बल्कि उनके समाधान का मार्ग भी प्रशस्त होता है। शर्मा ने कहा कि एक समय ऐसा था जब राजस्थान में सीमित समाचार पत्र होते थे और लोगों को सम्पूर्ण प्रदेश की जानकारी के लिए विशेष रूप से समाचार पत्र पढ़ने का इंतजार रहता था। उस दौर में श्रद्धेय कुलिश जी ने सत्य, निर्भयता और जनसेवा के प्रति अपने जीवन को समर्पित कर समाज और राष्ट्र के महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से पटल पर रखा। श्री गुलाब कोठारी भी इन मूल्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ मीडिया और पत्रकारिता के स्वरूप में परिवर्तन आया है। ऐसे समय में जनसरोकार एवं निष्पक्षता के मूल्यों पर अड़िग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने 1975 के आपातकाल के समय का उल्लेख करते हुए कहा कि उस कठिन दौर में भी पत्रकारों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया और उसे जीवित रखा। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों और वरिष्ठ पत्रकारों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कर्पूर चंद्र कुलिश जी ने अपनी पत्रकारिता की यात्रा टोंक से प्रारम्भ की।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गिरिराज महाराज की लगाई परिक्रमा

# राजस्थान सीमा में जल संसाधन मंत्री एवं गृह राज्यमंत्री ने किया स्वागत

**लोक कलाकारों की प्रस्तुति देखकर भाव विभोर हुई राष्ट्रपति**

जयपुर(नि.सं.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नें गिरिराज महाराज की परिक्रमा की। उनका उत्तरप्रदेश से राजस्थान पहुंचने पर जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह डेढ़म ने स्वागत किया। राष्ट्रपति के राजस्थान सीमा में पंहुचने पर ब्रज के प्रसिद्ध मयूर लोकनृत्य कलाकारों के दल ने भव्य प्रस्तुति देकर स्वागत किया। राष्ट्रपति नें राजस्थान सीमा में प्रवेश कर पैदल परिक्रमा की तथा लोक कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से प्रफुल्लित दिखाई दी। उन्होने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया और उनके साथ फोटो खिचवायें। इस अवसर नलिनी कठोतिया, कैलाश चंद्र विश्नोई, जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल, जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ, भरतपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त कनिष्क कटारिया, सीईओ जिला परिषद मृदुलसिह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## न्यूज इन बॉक्स



### भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के लिए तिरुवनंतपुरम पहुंचे सीएम भजनलाल शर्मा

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा चल रहे विधानसभा चुनावों के दौरान केरल दौरे के तहत तिरुवनंतपुरम पहुंचे। उन्होंने भाजपा के चार उम्मीदवारों, केरल भाजपा अध्यक्ष और नेमोम विधानसभा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर; कझाकूटम विधानसभा उम्मीदवार वी. मुरलीधरन; कट्टाकडा विधानसभा उम्मीदवार पी. के. कृष्णदास; और वट्टियूरकावु विधानसभा उम्मीदवार आर. श्रीलेखा, के नामांकन दाखिल करने के समारोहों में हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, केरल की जनता भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करके विकसित भारत-विकसित केरल के सपने को साकार करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि ये उम्मीदवार, जो जनता की आकांक्षाओं को दर्शाते हैं, राज्य में सुशासन और विकास की एक मजबूत नींव रखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि केरल की जनता ने इस बार बदलाव लाने का पक्का इरादा कर लिया है। अपनी यात्रा के दौरान, मुख्यमंत्री तिरुवनंतपुरम में भाजपा के राज्य मुख्यालय भी गए और दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पी. परमेश्वरन की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास का कोटा प्रवास

# कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट निर्माण की समीक्षा की कहा- समयबद्धता से कार्य होना खुशी की बात

**एलपीजी की कालाबाजारी पर सतर्कता रखें, पेयजल किल्लत न हो एवं हैंड पंप मरम्मत अभियान शुरू करें - मुख्य सचिव**

जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश के मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने रविवार को कोटा कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक ली जिसमें कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट निर्माण की प्रगति की समीक्षा, एलपीजी एवं गर्मियों में पेयजल की स्थिति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोटा- बूंदी एयरपोर्ट राजस्थान का पहला ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट है जो हाड़ौती के पर्यटन विकास और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रोजेक्ट को तय समय सीमा में पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एयरपोर्ट निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर प्रसन्नता व्यक्त की कि कार्य निर्धारित समय सीमा के अनुसार पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से चर्चा करते हुए उदयपुर से कोटा और कोटा से भरतपुर के बीच कनेक्टिविटी की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि इस कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में जल्दी ही प्रयास किए जाएंगे। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अधिकारियों ने एयरपोर्ट निर्माण की स्थिति सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया। एयरोसिटी के कांसेप्ट प्लान की भी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने विस्तार से जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने बैठक में जिले में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली और निर्देश दिए कि गैस आपूर्ति सुचारू रहे। घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग एवं कालाबाजारी ना होने पाए। इसके लिए सघन चेकिंग अभियान निरंतर चलाएं। साथ ही निर्देश दिए कि पेट्रोलियम मंत्रालय से मिले निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए जिसमें ओटीपी बेस्ड डिलीवरी, पासबुक एंट्री, पहले आओ पहले पाओ व्यवस्था से वितरण का पूरा ध्यान रखा जाए।

क्लीन अजमेर ग्रीन अजमेर मुहिम का शुभारंभ

### स्मार्ट सिटी अजमेर को पॉलिथीन मुक्त बनाने में स्वयंसेवी संस्थाएं अहम भूमिका निभाएं-विधानसभा अध्यक्ष



जयपुर(नि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि स्मार्ट सिटी अजमेर को पॉलिथीन मुक्त स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए स्वयंसेवी संस्था अहम भूमिका निभाएं। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में अग्रणीय संस्था जवाहर फाउंडेशन द्वारा क्लीन अजमेर ग्रीन अजमेर अभियान के शुभारंभ पर जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में स्वाभिमान भोज रसोई पर आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मिले। उन्होंने कहा कि आमजन को दैनिक दिनचर्या में कपड़े के थैले का उपयोग करना चाहिए। सामाजिक संस्थाएं आमजन को पॉलिथीन का बहिष्कार करने के लिए जागरूक करें।

इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्राचार्य श्री सुनील माथुर ने कहा कि आमजन को पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पॉलिथीन का उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर पॉलिथीन का उपयोग बन्द नहीं किया गया तो भविष्य में परिणाम घातक होंगे।





### जयपुर में यूजीसी बिल के विरोध में काले कपड़े दिखाए

**जयपुर ग्रामीण सांसद के आवास के बाहर प्रदर्शन; हॉडिंग्स पर यूजीसी रोल बैक के पोस्टर चिपकाए**

जयपुर(नि.सं.)। यूजीसी बिल के विरोध में राजपूत करणी सेना ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के खातीपुरा स्थित आवास के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने खातीपुरा से सांसद के आवास तक रैली निकालकर नारेबाजी की और नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद की यूजीसी बिल पर चुप्पी के विरोध में काले कपड़े लहराए। साथ ही यूजीसी बिल को वापस लेने की मांग को लेकर आवास के बाहर और सांसद के नाम के होर्डिंग्स पर पोस्टर भी चिपकाए गए।

**दो घंटे तक प्रदर्शन**

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने राव साहब मुर्दाबाद और राव साहब नींद से जागो, विरोध करो के नारे लगाए। करीब दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह आवास पर मौजूद नहीं थे।



### रणथंभौर में लेपर्ड ने चीतल को गर्दन से दबोचा

**शिकार के लिए झाड़ियों में घात लगाकर बैठा था; टूरिस्ट हुए रोमांचित**

सवाई माधोपुर(वि.सं.)। सवाई माधोपुर के रणथंभौर टाइगर रिजर्व में लेपर्ड ने अपने वजन से दोगुने भारी चीतल का शिकार किया। लेपर्ड करीब 1 मिनट तक चीतल की गर्दन पकड़कर बैठा रहा। यह नजारा रणथंभौर के जोन नंबर 6 में देखने को मिला। यहां लेपर्ड को चीतल का शिकार करते देख पर्यटक रोमांचित हो उठे। साथ ही लेपर्ड की गुर्राहट सुन सहम भी गए।

**चीतल पर झपटा लेपर्ड**

रणथंभौर टाइगर रिजर्व के जोन नंबर 6 में 20 मार्च को शाम की पारी में पर्यटक सफारी पर गए थे। सोलेश्वर तिराहे पर पहुंचे तो एक लेपर्ड नजर आया। लेपर्ड ने पर्यटकों के सामने चीतल का शिकार किया। दरअसल, सोलेश्वर तिराहे पर चीतल बैठी हुई थी। इस दौरान शिकार के लिए लेपर्ड झाड़ियों में घात लगाकर बैठा था।

*जयपुर में वन कर्मियों को मिली 460 बाइक*

### मंत्री संजय शर्मा बोले- अब अवैध कटाई पर लगेगा अंकुश, सरिस्का में बाघों की संख्या 52 पहुंची

जयपुर(नि.सं.)। अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर वन मंत्री संजय शर्मा ने वन विभाग के कर्मचारियों के लिए 460 नई मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाई। ये बाइकें उन वन कर्मियों को आवंटित की गई हैं जो वनों में गश्त करने का कार्य करते हैं। वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा- इससे दूरदराज के वन क्षेत्रों में निगरानी करना आसान हो जाएगा, जिससे अवैध कटाई और शिकार जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, वन्यजीव बचाव कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आपातकालीन बचाव वाहनों को भी हरी झंडी दिखाई गई। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के मौके पर जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर राज्य सरकार ने वन सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण को मजबूत करने के लिए कई अहम घोषणाएं कीं।



**पुस्तक का भी विमोचन किया गया**

वन मंत्री संजय शर्मा ने बताया- वन विभाग ने हाल ही में 1926 हेल्पलाइन नंबर शुरू किया है। इसके साथ ही वन संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा के लिए नई एसओपी तैयार की जा रही है। इसके लिए अन्य राज्यों की एसओपी का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि बेहतर व्यवस्था लागू की जा सके। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के विस्थापन के लिए नया पैकेज तैयार किया जा रहा है। बजट में इसकी घोषणा भी की गई है और सरकार जल्द ही इस प्रक्रिया को पूरा करने की दिशा में काम कर रही है। साथ ही वन क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी जारी है।

**बाघों की संख्या बढ़कर 52 हुई**

वन मंत्री ने बताया कि सरिस्का टाइगर रिजर्व में हाल ही में तीन शावकों के जन्म के बाद बाघों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि इस साल के अंत तक यह संख्या 60 तक पहुंच सकती है,



### गणेशपुरी महाराज जसोल नर्बदेश्वर महादेव मंदिर के महंत बने

**संध्यापुरी महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद संभाला पद, रावल किशन सिंह जसोल ने तिलक कर चादर ओढ़ाई**

बालोतरा(वि.सं.)। मरुधरा की पावन तपोभूमि जसोल स्थित प्राचीन, पवित्र एवं सिद्धपीठ श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में ब्रह्मलीन परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री संध्यापुरी जी महाराज के ब्रह्मलीन होने के उपरांत परंपरा के अनुरूप महंत पद महोत्सव का भव्य और गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। धार्मिक मर्यादाओं, वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में संत-महात्मा और श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर श्री रावल मल्लीनाथ जी के वंशज एवं 25वें गादीपति रावल किशन सिंह जसोल ने पूज्य गणेशपुरी जी महाराज को तिलक कर तथा चादर ओढ़ाकर महंत पद की पावन गादी पर विराजमान कराया।

बारिश-ओलावृष्टि से फसल बर्बाद

# राजस्थान में बारिश-ओलावृष्टि से फसल बर्बाद: जीरा काला पड़ा, खेतों में सड़ने लगा गेहूं

**कृषि मंत्री किरोड़ीलाल बोले- मुआवजा मिलेगा**

अजमेर/जोधपुर/अलवर/जैसलमेर/बाड़मेर(वि.सं.)। राजस्थान में आसमान से आफत बरसी है। मार्च की सुनहरी धूप में पककर तैयार खड़ी रबी की फसलें अब काली पड़ चुकी हैं। कहीं ओलों ने बालियां झड़ा दीं, तो कहीं बेमौसम बारिश ने खेतों को तालाब बना दिया। अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर और अलवर सहित प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से में किसानों की महीनों की मेहनत चंद घंटों में मिट्‌टी में मिल गई। हालात इतने बदतर हैं कि जोधपुर में जीरा काला पड़ गया है, तो अलवर में गेहूं सड़ रहा है। किसान बेबस हैं, क्योंकि खेत में खड़ी फसल तो बर्बाद हुई ही, जो काटकर खलिहानों में रखी थी, वह भी खराब हो गई। कई इलाकों में 90 प्रतिशत तक फसल खराब हुई है। जो बच गई हैं, उनकी क्वालिटी इतनी खराब हो गई है कि उनकी कीमत अच्छी नहीं मिलेगी। प्रशासन और सिस्टम अब भी कागजों में ही उलझा हुआ है। किसानों का आरोप है कि न अधिकारी खेतों तक पहुंचे और न सही सर्वे हुआ।




एनसीडी स्क्रीनिंग | जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर हुआ आयोजन

# गुरु गोलवलकर स्वास्थ्य पखवाड़े के तहत 45 हजार की हुई एनसीडी स्क्रीनिंग

जयपुर(नि.सं.)। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार ब्लॉक चाकसू में दिनांक 07 मार्च 2026 से 21 मार्च 2026 तक 'गुरु गोलवलकर स्वास्थ्य पखवाड़ा' आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। स्वास्थ्य पखवाड़ा के दौरान ब्लॉक की 24 ग्राम पंचायतों एवं नगरपालिका क्षेत्र के शहरी वार्डों में प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। इन टीमों में एक उप जिला अस्पताल, सात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी तथा 21 सब-सेंटर शामिल हैं, जो विशेष अभियान के माध्यम से आमजन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहे हैं। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।



आतंकवाद प्रभावित देश

# पाकिस्तान दुनिया का सबसे ज्यादा आतंकवाद प्रभावित देश

### पिछले साल 1139 लोग मारे गए; रिपोर्ट- भारत में आतंकी घटनाएं 43% घटी



नई दिल्ली(एजेंसी)। पाकिस्तान अब दुनिया में आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित देश बन गया है। इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में 1139 लोगों की जान गई, जो 2013 के बाद सबसे ज्यादा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान में बढ़ते आतंक के पीछे कई संगठन हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम पाकिस्तानी तालिबान (TTP) है, जो पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकी संगठन माना जा रहा है। इसके साथ ही बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA) भी हमलों में शामिल रहा है। 2025 में TTP ने 595 हमले किए, जो पिछले साल के मुकाबले करीब 24त्न ज्यादा हैं। इन हमलों का सबसे ज्यादा असर खैबर पख्तूनख्वा हुआ। इसी बीच भारत के लिए राहत की खबर है। भारत में पिछले एक साल में आतंकी घटनाओं में करीब 43त्न की कमी दर्ज की गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026 में 13वें स्थान पर है। इससे पहले भारत 11वें स्थान पर था।

**पश्चिम देशों में मौतें में 280त्न की बढ़ोतरी**

लिस्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया लगातार दसवें वर्ष आतंकवाद से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र बना हुआ है। पहली बार पाकिस्तान इस लिस्ट में टॉप पर है और आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देश बन गया है।

मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

# खेजड़ी सहित हरे पेड़ों के संरक्षण हेतु सख्त कानून की तैयारी



जयपुर(नि.सं.)। राज्य वृक्ष खेजड़ी एवं हरे पेड़ों के संरक्षण, संवर्धन तथा पर्यावरण सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सख्त कानून लाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इसी क्रम में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य विभाग के मंत्री श्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण तीसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व मंत्री श्री हेमन्त मीणा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन विभाग एवं विधि विभाग व राजस्व विभाग सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व में आयोजित द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों के क्रम में विधेयक का प्रारूप प्रस्तुत किया गया, जिस पर विस्तृत चर्चा की गई। विचार-विमर्श के दौरान विधेयक के विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से अध्ययन करते हुए अतिशीघ्र अंतिम



प्रारूप तैयार करने की रूपरेखा निर्धारित की गई। इस दौरान विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि प्रस्तावित कानून से आमजन को किसी प्रकार की अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए पेड़ों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। हरे पेड़ों की कटाई पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कठोर प्रावधानों को विधेयक में शामिल करने पर चर्चा हुई। इसके अंतर्गत क्षेत्राधिकार, न्यायिक प्रक्रिया, जांच, अपील, दंड प्रावधान, प्राधिकरण, क्रियान्वयन व्यवस्था सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार किया गया। साथ ही संरक्षित पेड़ों की सूची तैयार कर उसे विधेयक में शामिल करने का निर्णय लिया गया, जिससे संवेदनशील प्रजातियों का विशेष संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में प्राप्त सुझावों को समाहित करते हुए विधेयक का संशोधित प्रारूप शीघ्र तैयार करने का निर्णय लिया गया, जिससे राज्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक सशक्त कानूनी ढांचा स्थापित किया जा सके।

युवक की लाश मिली

# पहाड़ी पर फंदे से लटकी मिली युवक की लाश

**बिना बताए घर से निकला, 15 दिन पहले तोड़ा था मोबाइल**



जयपुर (नि.सं.)। जयपुर की पहाड़ी पर रविवार सुबह एक युवक की लाश मिली। उसका शव पहाड़ी पर एक पेड़ के फंदे से लटका हुआ मिला। हरमाड़ा थाना पुलिस ने FSL टीम की मदद से सबूत जुटाकर शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सुसाइड करने वाला युवक शनिवार सुबह बिना किसी को बताए घर से निकला था। हरमाड़ा थाने के SHO उदय यादव ने बताया कि हरमाड़ा के लोहामंडी निवासी विजेंद्र (31) पुत्र पूरण सैनी ने सुसाइड कर लिया। वह एक फैक्टरी में नौकरी करता था। शनिवार सुबह वह बिना बताए घर से निकल गया था और उसके बाद वापस घर नहीं लौटा। विजेंद्र की तलाश में उसके परिजन लगे हुए थे। रविवार सुबह करीब 7 बजे नींदड़ की पहाड़ी पर सुनसान जगह एक पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका मिला। लाश मिलने की सूचना मिलते ही हरमाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए और शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी भिजवाया।

**15 दिन पहले तोड़ा था मोबाइल**

पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 15 दिन पहले नाराज होकर विजेंद्र ने अपना मोबाइल जमीन पर फेंककर तोड़ दिया था। शनिवार सुबह परिजनों के पूछने पर भी वह बिना बताए घर से चला गया। माना जा रहा है कि पहाड़ी पर सुनसान जगह देर शाम उसने रस्सी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने मृतक के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने से मना किया है। पुलिस घटना के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

न्यूज़ ब्रीफ

## विद्युत निगमों में तकनीकी सहायक-III मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित

### 1 अप्रैल से शुरू होगा दस्तावेज़ सत्यापन...पारदर्शिता और सुशासन की सराहना

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान के विद्युत निगमों ने तकनीकी सहायक-III (Technician-III) के कुल 2,163 पदों के लिए आयोजित मुख्य परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। परीक्षा परिणाम आधिकारिक वेबसाइटों पर अपलोड कर दिए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया के मुख्य चरण ÷ परीक्षा का आयोजनः कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन मुख्य परीक्षा 23 फरवरी 2026 को सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। दस्तावेज़ सत्यापन (DV) : कुल 4,673 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिन्हें दस्तावेज़ों के सत्यापन के लिए बुलाया गया है।


## हाईकोर्ट ने टोंक कलेक्टर सहित तीन अफसरों को दिया नोटिस

**सरकारी कर्मचारी के आश्रितों को मुआवजा नहीं देने पर जवाब मांगा, कोविड में हुई थी मौत**

जयपुर (नि.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कोरोना काल में ड्यूटी के दौरान संक्रमित होकर मौत होने के बावजूद सरकारी कर्मचारी के आश्रितों को मुआवजा नहीं देने पर प्रमुख राजस्व सचिव, प्रमुख वित्त सचिव और टोंक कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश विजय कुमार भारतीय की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की मां गाती देवी टोंक तहसील कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत थी। कोरोना काल में उनकी कंट्रोल रूम में ड्यूटी थी। इस दौरान कोरोना से संक्रमित होने के चलते 24 नवंबर, 2020 को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## मुख्य सचिव ने सांवलिया सेठ मंदिर में किए दर्शन, प्रदेश की खुशहाली के लिए की कामना

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने चित्तौड़गढ़ स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित सहकर्मियों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संवाद किया तथा स्मृति स्वरूप समूह फोटो भी खिंचवाया।



एयरलाइन ब्रिटिश एयरवेज

## महिला की लाश के साथ 13 घंटे उड़ता रहा विमानः हॉन्गकॉन्ग से लंदन उड़ान में टेकऑफ के बाद मौत

लंदन(एजेंसी)। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट में रविवार को एक महिला यात्री की टेकऑफ के करीब 1 घंटे बाद मौत हो गई। इसके बाद उनका शव पूरे 13 घंटे तक विमान में ही रखा रहा। शव को विमान के पीछे वाले हिस्से में रखा गया था, जहां फर्श गर्म था। इसी वजह से धीरे-धीरे बदबू फैलने लगी, जिससे पीछे बैठे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। यह घटना हॉन्गकॉन्ग से लंदन जा रही फ्लाइट में हुई। महिला की उम्र करीब 60 साल थी। पायलट ने फ्लाइट को बीच में रोकने या वापस लौटने के बजाय लंदन तक जारी रखने का फैसला किया, क्योंकि नियमों के मुताबिक ऐसी स्थिति को आमतौर पर इमरजेंसी नहीं माना जाता।



**शव कंबल में लपेट कर गैली में रखा गया**

क्रू मेंबर्स ने पहले शव को टॉयलेट में रखने का सोचा, लेकिन बाद में उसे कंबल में लपेटकर गैली में रख दिया गया। गैली विमान का वह हिस्सा होता है, जहां फ्लाइट स्टाफ (क्रू) खाना-पीना तैयार करता है और सामान रखता है। यहीं से यात्रियों को खाना, पानी, चाय-कॉफी दी जाती है। आमतौर पर यह प्लेन के आगे या पीछे वाले हिस्से में होता है। लंदन पहुंचने पर पुलिस ने विमान में आकर जांच की और करीब 45 मिनट तक यात्रियों को सीट पर ही बैठाए रखा गया। एयरलाइन ब्रिटिश एयरवेज ने कहा कि सभी नियमों का सही तरीके से पालन किया गया और वे महिला के परिवार के साथ हैं।

जयपुर में किसानों को मिलेंगे 7.6 करोड़ रुपए मुआवजा

# 30 उच्च जलाशयों से 3 लाख लोगों को मिलेगी पेयजल सुविधाःराज्यवर्धन सिंह

जयपुर (नि.सं.)। कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने जोबनेर और झोटवाड़ा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए विधायक कोटे से 1.75 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा- संगठन किसी भी व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत होता है और कार्यकर्ता ही उसकी असली शक्ति हैं। जोबनेर स्थित श्री करण नगेंद्र एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी और झोटवाड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में उद्योग मंत्री राठौड़ ने आरपीएससी और यूपीएससी में सफल मेधावी छात्राओं का सम्मान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और शिक्षा के जरिए समाज को नई दिशा दे रही हैं।

**एजुकेशन हब के रूप में पहचान बना रहा**

राठौड़ ने कहा कि जोबनेर अब एक महत्वपूर्ण एजुकेशन हब के रूप में पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी, उन्हें मुआवजा दिया जा चुका है और अतिरिक्त 7.6 करोड़ रुपए की सहायता भी स्वीकृत



की गई है। बस्सी-झाझरा क्षेत्र में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए भी विधायक कोष से राशि देने की घोषणा की। राठौड़ ने कहा कि गांव-पंचायत से लेकर शहर तक विकास के बदलाव साफ दिखाई दे रहे हैं और सड़कों, स्कूलों व स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार सुधार हो रहा है।

**2 वर्षों में सड़कों का बड़े पैमाने पर निर्माण हुआ**

झोटवाड़ा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में सड़कों का बड़े पैमाने पर निर्माण हुआ है और अब सीवेज, ड्रेनेज और सड़क व्यवस्था में भी सुधार हुआ है, जिससे जलभराव और यातायात की समस्या कम हुई है। जहां पहले पानी भरता था, वहां अब सीसी रोड बनाई जा रही है।



## भारत में यूक्रेनी नागरिकों की हिरासत पर रूस का बड़ा बयान, दूतावास की भूमिका पर उठाए सवाल

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत की नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने 13 मार्च को नई दिल्ली, लखनऊ और कोलकाता के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिक को हिरासत में लिया था। छह यूक्रेनी नागरिकों की गिरफ्तारी मामले पर रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा, ÷ये लोग म्यांमार सीमा पार कर मिजोरम में दाखिल हुए थे और स्थानीय हथियारबंद जातीय समूहों के साथ संपर्क बनाए, ताकि उन्हें ईयू में बने ड्रोन सप्लाई किए जा सकें।




## विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में हरियाणा निभा रहा अग्रणी भूमिका : नायब सैनी

चंडीगढ़(एजेंसी)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में हरियाणा अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत यह विजन 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है, जिसे जमीन पर उतारने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बादशाहपुर क्षेत्र इस विकास यात्रा का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है, जहां किए गए वादों को योजनाओं और कार्यों के माध्यम से सफलतापूर्वक साकार किया गया है।

# दावा:ईरान ने हीट ट्रैकिंग मिसाइल से अमेरिकी F-35 को गिराया

**यह दुनिया का सबसे एडवांस फाइटर जेट, लेकिन ईरानी खतरे का अंदाजा नहीं लगा पाया**



तेहरान (एजेंसी)। ईरान ने 19 मार्च को दुनिया के सबसे एडवांस अमेरिकी फाइटर जेट स्न-35 को गिराने का दावा किया। ईरानी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने अपने स्वदेशी 'मजीद' एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए इसे मार गिराया। अगर यह सच है तो ईरान पहला ऐसा देश होगा जो ऐसा कर पाया है। स्न-35 फाइटर जेट को करीब दो दशकों से अमेरिकी सैन्य ताकत का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता रहा है। यह सबसे प्रीमियम फाइटर जेट है, जिसे खास तौर पर इस तरह बनाया गया है कि वह दुनिया के सबसे मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम में भी बिना पकड़े घुसकर हमला कर सके। ईरान का दावा है कि उसने इस 'अदृश्य' माने जाने वाले जेट की कमजोरी पकड़ ली है। मजीद डिफेंस सिस्टम ने स्न-35 से निकली इंफ्रारेड यानी गर्मी को पकड़कर उसे निशाना बनाया गया।

ईरान का कहना है कि स्न-35 भले ही रडार से बचने में सक्षम हो, लेकिन उसके इंजन से निकलने वाली गर्मी को पूरी तरह छिपाया नहीं जा सकता।

अमेरिकी कोर्ट — डिलीवरी के बाद बच्चे की मौत हुई, अमेरिकी कोर्ट ने कहा- कंपनी जिम्मेदार

# प्रेग्नेंसी में वर्क फ्रॉम होम नहीं दिया, रु.200 करोड़ जुर्माना

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के ओहायो में प्रेग्नेंट महिला को वर्क फ्रॉम होम की अनुमति न देने के मामले में कोर्ट ने कंपनी पर 2.25 करोड़ डॉलर (रु.200 करोड़) का जुर्माना लगाया है। महिला को ऑफिस आने की मजबूरी की वजह से समय से पहले डिलीवरी हुई थी। जिससे नवजात की कुछ घंटों में ही मौत हो गई थी। कोर्ट ने माना कि अगर महिला को घर से काम करने दिया जाता, तो स्थिति अलग हो सकती थी। इसी आधार पर कंपनी पर यह जुर्माना लगाया गया। वर्क फ्रॉम होम की जगह बिना सैलरी छुट्टी का ऑप्शन दिया था

चेल्सी वॉल्श नाम की महिला टोटल




क्वालिटी लॉजिस्टिक्स (TQL) अमेरिकी कंपनी में काम करती थीं। फरवरी 2021 में उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (WFH) की इजाजत मांगी थी। कंपनी ने उन्हें ऑफिस आकर काम करने या बिना सैलरी छुट्टी लेने का ऑप्शन दिया, जिससे उनकी इनकम और हेल्थ इंश्योरेंस पर असर पड़ता। मजबूरी में उन्हें 22 फरवरी से ऑफिस जाकर काम करना पड़ा।

लगातार तीन दिन काम करने के बाद 24 फरवरी को उन्हें समय से पहले डिलीवरी हो गई। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत हो गई।

**बच्ची का जन्म 18 हफ्ते पहले हुआ**

महिला की प्रेग्नेंसी हाई-रिस्क थी और डॉक्टर ने उन्हें घर पर आराम करने और वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी थी, लेकिन ऑफिस में काम करने की वजह से बच्ची का जन्म तय समय से करीब 18 हफ्ते पहले हुआ था। जन्म के समय वह सांस ले रही थी और उसका दिल धड़क रहा था, लेकिन करीब डेढ़ घंटे बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिवार ने कंपनी के खिलाफ केस किया। उनका कहना था कि WFH की इजाजत मिलती, तो महिला को आराम मिलता और यह हादसा टल सकता था। मामला हैमिल्टन काउंटी की अदालत में चला, जहां जूरी ने कंपनी को दोषी माना। जहां कंपनी की जिम्मेदार मानते हुए 2.25 करोड़ डॉलर देने का आदेश दिया गया।

कोर्ट ने इसे एक दुखद घटना बताते हुए कहा कि कंपनी को कर्मचारी की स्थिति को समझना चाहिए था।

# मंत्री अविनाश गहलोत ने स्वास्थ्य केंद्र का किया भूमि पूजन,1.59 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

## बलूंदा की जनता को दी सौगात, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

**ढोलामारू न्यूज**

बाँजाकुडी। बाँजाकुडी के निकटवर्ती बलूंदा ग्राम में स्वच्छ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई रविवार को ग्राम बलूंदा में आयुष्मान आरोग्यम मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया भूमि पूजन में आए मुख्य अतिथियों का माला साफा पहना कर स्वागत सत्कार किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भूमि पूजन के मंच को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि भवन निर्माण के बाद क्षेत्रवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे मरीजों को दूरस्थ




अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और कहा कि यह केवल एक भवन नहीं बल्कि क्षेत्र के हर नागरिक के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में एक सशक्त कदम है भवन बनने के बाद प्राथमिक स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। यहां के लोगों को उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। गरीब लोगों के धन व समय की बचत होगी। आपातकालीन स्थिति में तुरंत उपचार सुनिश्चित हो सकेगा। दर्जनों गांव, ढाणियों के लोगों को सुविधा मिलेगी मंत्री ने बलूंदा की जनता को दी सौगात गांव की जनता को करोड रुपए की और सौगात दी जाएगी तेजपुर फाटा से बलूंदा गांव तक सीसी रोड का जल्द निर्माण शुरू होगा वक्ताओं ने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा और ग्रामीणों को समय पर उपचार सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया इसी मौके पर कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापत, पूर्व प्रधान मेघाराम सोलंकी, समाजसेवी महावीर बोहरा, तहसीलदार ओम अमृत, सरपंच दिलीप सिंह पूनिया ,उप प्रधान पप्पू राम कुमावत सीएमएचओ संजय गहलोत, डॉ पुष्पेंद्र व्यास, डॉ रोहित कुमार, श्याम अकोदिया पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भैणराम गहलोत, उप सरपंच भागुराम कुमावत, लक्ष्मण राम गुर्जर, विनोद सरगरा, धनराज जोशी,ड्रुश्च आयोजन तरुण गौड सहित कई लोग थे।



# फुले ब्रिगेड की ओर से आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 820 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण

**ढोलामारू न्यूज**

सीकर। फुले ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी ने बताया रविवार को माता सावित्री बाई फुले की 129वी एवं नरेश नारायण पितर जी महाराज की 7वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हंस निर्वाण आश्रम गुलाब जी की कोठी मोचीवाड़ा रोड़ सीकर पर किया गया ।

संभाग प्रभारी नरेश तारा पैलेस ने बताया की शिविर का शुभारंभ फुले ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी, हंस निर्वाण आश्रम गद्दी महंत खेतानंद महाराज, महंत दयालदास महाराज,सैनी समाज संस्था अध्यक्ष राजकुमार दईया ने माता सावित्री बाई फुले एवं नरेश नारायण पितर जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन करके किया।जिला अध्यक्ष सुनील घोराणा ने बताया कि रक्तदान शिविर में जयपुर से एसएमएस ट्रॉमा ब्लड बैंक, शांति ब्लड बैंक, सीकर से एसके अस्पताल ब्लैड बैंक,सीकर ब्लड बैंक, गुरुकृपा ब्लड बैंक, शेखावाटी चेरिटेबल ब्लड बैंक ने लगभग 820 यूनिट रक्तदान का संग्रहण किया।जिला प्रभारी रमेश पंवार ने बताया कि रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के प्रतीक पेड़ भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश आमंजन को दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता एडवोकेट रतनलाल सैनी,जिला परिषद सदस्य परमानंद सैनी, भाजपा ओबीसी मोर्च जिला अध्यक्ष सुरेश सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला, युवा कांग्रेस नेता गोविंद सैनी, राधाकिशनपुरा सरपंच रामलाल सैनी,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश नागा, समाजसेवी सुशील चिराग,पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, निवर्तमान चेयरमैन जीवन खा, कॉमेडियन गुरु गणेश,नेता प्रति पक्ष अशोक चौधरी,राहुल सैनी,जितेंद्र कारंगा, दिलीप राजस्थानी, रमेश मंगलम,भाजपा नेता प्रेम सिंह शिवसिंहपुरा, विनोद नटखट, रामलखन कांवट, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महेश शर्मा,भाजपा नेता गोविंदराम कटारिया, जिला उपप्रमुख ताराचंद धायल, जिप सदस्य कानाराम जाट, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सैनी, पार्षद सुरेश डॉन, पार्षद दयाशंकर, विष्णु सिंगोदिया, हेमंत सांखला, प्रेमचंद सिंगोदिया, गगन कटारिया, सुरेन्द्र मारोठिया, गोविंद पटेल, रविकांत तिवाड़ी, युवा नेता सुमित जोशी,भारतीय किसान संघ सीकर जिला अध्यक्ष पूरनसिंह भीमा, जिला मंत्री महेंद्र सिंह खीचड़ आदि ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं की होंसला अफजाई की ।शहर अध्यक्ष गगन कटारिया ने आभार जताया।



# आज शहीद दिवस पर भगत सिंह सर्किल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा

**ढोलामारू न्यूज**

कुचामन सिटी । कुचामन शहर में आज 23 मार्च सोमवार को शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर भगत सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा यह कार्यक्रम पांचवा बाईपास रिंग रोड, कुचामन सिटी स्थित भगत सिंह सर्किल पर सुबह 11:00 बजे आयोजित होगा, जहां वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया जाएगा ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष परसाराम बुगालिया ने अपने बयान में कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा आज का युवा यदि उनके विचारों और आदर्शों को अपनाए, तो देश को नई दिशा मिल सकती है शहीदों का सपना एक मजबूत, जागरूक और एकजुट भारत का था, जिसे हमें मिलकर साकार करना है उन्होंने क्षेत्र के युवाओं एवं आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारी झूमरमल बिजारणिया, बिरमाराम बांगड़वा, मुनाराम महला,कमलकांत डोडवाडिया सहित कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक संगठनों और आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है साथ ही सभी ने समय का ध्यान रखते हुए कार्यकर्ताओं ने भाग लेने का आग्रह किया है इस आयोजन के माध्यम से ना की केवल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी बल्कि युवाओं में देशभक्ति की जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच का संदेश भी प्रसारित किया जाएगा

## प्रतिभा खोज परीक्षा:डेगाना के 971 विद्यार्थियों ने दिखाया दम, ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशने की मुहिम

### 1165 बच्चों ने कराया रजिस्ट्रेशन, मेधावियों ने परखी अपनी काबिलियत

**ढोलामारू न्यूज**

डेगाना । डेगाना गांव के सरस्वती बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को प्रतिभा खोज परीक्षा का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ अपनी शैक्षणिक क्षमता का प्रदर्शन किया।परीक्षा को लेकर क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों में जबरदस्त क्रेज देखा गया।कुल 1165 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा के लिए अपना पंजीकरण करवाया था,जिनमें से 971 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।सुबह से ही विद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों की चहल-पहल शुरू हो गई थी।इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए उचित मंच व प्रोत्साहन प्रदान करना है।



# 121 दिन तक बेसहारा गोवंश को हरा चारा डालने का लक्ष्य

## गौरक्षा दल थांवला के गौग्रास रथ को भगवा झंडा दिखाकर किया शुभारंभ

**ढोलामारू न्यूज**

थांवला। थांवला में आज गौ रक्षा दल के सभी गौ भक्तों और भामाशाह द्वारा बेसहारा और बीमार गोवंश को मध्य नजर रखते हुए 121 दिन तक लगातार हरा चारा खिलाने का लक्ष्य लिया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में रविवार को सुबह 10:15 बजे गो ग्रास रथ में हरा चारा भरकर दर्जनों को भक्तों की मौजूदगी में परम पूजनीय गुरुदेव धीरज राम जी रामसनेही महाराज पुष्कर द्वारा भगवा झंडा लहराकर रथ को गोवंश की सेवा में समर्पित किया गया। महाराज ने बताया कि करीब सात वर्षो से गौरक्षा दल के दर्जनों गौसेवक अपनी सराहनीय सेवाए दे रहे है।

आवश्यक के अनुसार जगह जगह पानी की खेलिया बनवाकर पानी भरवाना, सूखे व हरे चारे की व्यवस्था करना, बीमार व सड़क हादसे के शिकार गौवंश का मौके पर इलाज करवाना और उनकी सेवा करना इस दल का लक्ष्य है। थांवला के गली मोहल्ले व सड़कों पर विचरण करने वाले बेसहारा गोवंश के लिए प्रतिदिन सुबह एक गाड़ी हरा चारा आप सभी भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से डाला जाएगा।

इसके लिए तन मन धन से सहयोग करने की अपील भी की गई है। इस मौके पर दर्जनों को भक्त मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर आज, किया पोस्टर विमोचन

**ढोलामारू न्यूज**

डेगाना ।हरसौर के सनराइज उमावि में सोमवार प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा।आयोजक सोहनलाल बंजारा ने बताया कि सर्व समाज और अर्जुन ब्लड बैंक एवं चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। इससे पहले रविवार शाम को आयोजन स्थल पर शिविर को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया।

# जल का महत्व बताकर सरंक्षण की शपथ दिलाई

**ढोलामारू न्यूज**

परबतसर। ताल्लुका विधिक सेवा समिति परबतसर के अध्यक्ष महेश कुमार, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं. 1 परबतसर के निर्देशानुसार विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को श्याम लाइब्रेरी परबतसर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर पी.एल.वी. मोहित कामड़ ने उपस्थितजनों को बताया कि हर साल 22 मार्च के दिन विश्व जल दिवस मनाया जाता है, आज विश्व जल दिवस है, जल ही कल है और जल ही जीवन है। पूरा विश्व वर्तमान में जल संकट से जूझ रहा है। जिसके कारण बच्चों का जीवन और भविष्य खतरे में है। स्वच्छ पीने का पानी स्वास्थ्य और जीवनयापन के लिए बहुत जरूरी है।

# कूष्मांडा स्वरूप की पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**ढोलामारू न्यूज**

पादूकलां। चैत्र नवरात्र के चौथे दिन रविवार को कस्बे सहित आसपास ग्रामीण अंचलों में मां दुर्गा के चौथे माकड़ मोहल्ला स्थित कुलदेवी शाकंभरी माता व वेदमाता गायत्री मंदिर में सजी स्वरूप मां कूष्मांडा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। जीवनपुर चौरा स्थित पूजा पंडालों के साथ-साथ घरों में भी भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धा भाव से पूजा की। मंदिरों में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।पंडित हस्तीमल उपाध्याय ने बताया कि नवरात्र की चतुर्थी तिथि पर मां कूष्मांडा की पूजा का विशेष महत्व है। 'कूष्मांडा' का अर्थ कद्दू (पेठा) होता है, इसलिए मां को कद्दू का भोग



अर्पित किया जाता है। देवी का स्वरूप अष्टभुजाधारी है,जिनके सात हाथों में कमंडल, धनुष, बाण, कमल, अमृत कलश,चक्र और गदा सुशोभित रहते हैं, जबकि आठवें हाथ में जप माला विराजमान होती है। सिंह इनका वाहन है और इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर माना गया है, इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि मां कूष्मांडा नवदुर्गा का चौथा स्वरूप हैं, जिन्हें अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना करने वाली आदिशक्ति माना जाता है। सूर्यमंडल के भीतर वास करने वाली ये देवी जीवन शक्ति और ऊर्जा की प्रदाता हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इनकी पूजा अनाहत चक्र में ध्यान लगाकर की जाती है, जिससे साधक को मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है।धार्मिक मान्यता के अनुसार मां कूष्मांडा भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की माता हैं, जिन्होंने देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।



# रामचंद्र बिजावत बने शहर अध्यक्ष

## जिम्मेदारी निभाते हुए समाज के विकास के लिए करेंगे कार्य

**ढोलामारू न्यूज**

अजमेर । विजयवर्गीय वैश्य मंडल के अजमेर शहर के अध्यक्ष पद पर रामचंद्र बिजावत निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए । अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री राजेंद्र गांधी ने बताया कि बापूनगर स्थित विजयवर्गीय धर्मशाला में संपन्न कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी सर्वेश विजयवर्गीय केकड़ी, सहायक चुनाव अधिकारी संजय बिजावत ने आधिकारिक रूप से घोषणा करते हुए रामचन्द्र बिजावत को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । अध्यक्ष चुने जाने पर चुनाव अधिकारी ने माला पहना कर स्वागत किया । नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि समाज की एकता, विकास एवं सम्मान के लिए कार्य करूंगा । इस समय आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने का है । शीघ्र ही नई कार्यकारिणी गठन करेंगे, जिसमें अनुभवी एवं जिम्मेदार व्यक्तियों को लेकर समाज उत्थान के लिए कार्य करेंगे ।

# डा. गिरिराज मित्तल का पदोन्नति होकर स्थानांतरण होने पर स्वागत कर दी विदाई



**ढोलामारू न्यूज**

नावां सिटी । बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय नावां में रविवार को डा. गिरिराज मित्तल को पशु चिकित्सा अधिकारी से वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी पद पर पदोन्नति होकर स्थानांतरण होने पर बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय टोंक जाने पर विदाई दी गई। मित्तल ने सांभर झील में पक्षी त्रासदी के समय प्रवासी पक्षियों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी नावां नोडल अधिकारी के कृत्रिम गर्भाधान एवं कैंप कार्यों में भी अग्रिम रहकर उन्होंने नावां नोडल को अजमेर संभाग में अव्वल रखा है। इस दौरान उपनिदेशक डॉक्टर मोतीलाल, सहायक सूचना अधिकारी वेणुगोपाल शर्मा, पशु चिकित्सालय अधिकारी संघ के तहसील अध्यक्ष सुरेश जाट,पूरणमल लेगा, विक्रम मीणा, हंसा रूलानिया सहित नोडल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। मित्तल ने अपने सम्मान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। मूक पशुओं की सेवा के प्रति जागरूक रहने को कर्म व धर्म बताया गया।

# प्रख्यात विद्वान प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी को आईसीपीआर नई दिल्ली की सीनियर फैलोशिप मिली

## जैन एवं वैदिक दर्शन में सामाजिक नैतिक सिद्धांत: एक तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध प्रस्ताव के लिए दी गई यह प्रतिष्ठित फैलोशिप

**ढोलामारू न्यूज**

लाडनूं । जैन दर्शन सहित सम्पूर्ण भारतीय दर्शन एवं पाश्चात्य दर्शन के तुलनात्मक अध्ययन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रकांड विद्वान प्रोफेसर आनंद प्रकाश त्रिपाठी को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (इईसीपीआर) नई दिल्ली द्वारा दो वर्षों के लिए प्रतिष्ठित सीनियर फैलोशिप अवार्ड प्रदान किया गया है। आईसीपीआर के निदेशक डॉ. अमित यादव ने इस बारे में आधिकारिक पत्र से सूचना भेजी है। इस प्रतिष्ठित फैलोशिप के अंतर्गत प्रो. त्रिपाठी को दो वर्षों की अवधि तक प्रति माह 44 हजार रुपयों की फैलोशिप राशि प्रदान की जाएगी, साथ ही 44 हजार रुपयों का वार्षिक कंटिन्जेंसी अनुदान भी दिया जाएगा। यह फैलोशिप उनके शोध प्रस्ताव जैन एवं वैदिक दर्शन में सामाजिक नैतिक सिद्धांत: एक तुलनात्मक अध्ययन विषय पर प्रदान की गई है। प्रो. त्रिपाठी भारतीय दर्शन जगत में एक सशक्त और सम्मानित नाम हैं। वे अब तक 70 से अधिक महत्वपूर्ण पुस्तकों के रचनाकार हैं, जिनमें जैन दर्शन, भारतीय सांस्कृतिक चिंतन, नैतिकता, आध्यात्मिकता एवं तुलनात्मक दर्शन जैसे विषयों पर उनका गहन और मौलिक अध्ययन परिलक्षित होता है। उनके लेखन में न केवल शास्त्रीय गहराई है, बल्कि समकालीन संदर्भों में भी उसकी प्रासंगिकता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। साहित्यिक अभिरुचि के कारण उनके कई कहानी संग्रह, बाल कहानी संग्रह, लघु कथा, नाटक, जीवनी साहित्य आदि भी प्रकाशित हुए हैं। शैक्षणिक एवं संस्थागत स्तर पर भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। वे 10 वर्ष ब्राह्मी विद्यापीठ में एवं 31 वर्ष जैन विश्व भारती संस्थान लाडनूं में अपनी सेवाओं के दौरान विभिन्न पदों को सुशोभित करते हुए जैन विद्या एवं तुलनात्मक धर्म दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके। उनके नेतृत्व में विभाग ने शोध एवं अध्ययन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कीं। इसके अतिरिक्त, प्रो. त्रिपाठी विगत चार दशकों से अणुव्रत आंदोलन से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। उन्होंने अणुव्रत को केवल सिद्धांत तक सीमित न रखकर जीवन में उतारने का निरंतर प्रयास किया है। आईसीपीआर की यह सीनियर फैलोशिप न केवल प्रो. त्रिपाठी की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह भारतीय दर्शन जगत, विशेषकर जैन दर्शन एवं तुलनात्मक धर्म-दर्शन अध्ययन के क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है। उनके इस सम्मान से युवा शोधार्थियों को प्रेरणा मिलेगी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के वैश्विक प्रसार को नई दिशा प्राप्त होगी।



# पुष्टिकर गार्डन में शतचंडी महा रुद्र यज्ञ जारी, 84 लाख आहुतियां दी जाएंगी

**ढोलामारू न्यूज**

मेड़ता सिटी। शहर के पुष्टिकर गार्डन में आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महा रुद्र यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ निरंतर जारी है। यज्ञ में विद्वान पंडितों द्वारा विभिन्न महापुराणों के पाठ और मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न करवाया जा रहा है।

आज के कार्यक्रम में मुख्य यजमान रामशरण तिवारी, माणक सेन एडवोकेट, विश्वजीत जोशी एडवोकेट और हिमांशु जोशी रहे। उड़ीसा से आए आचार्य अशोक के मंत्रोच्चार के साथ शतचंडी यज्ञ की विधिवत आहुतियां दी गईं।



आचार्य अंकुर दीक्षित ने बताया कि इस 9 दिवसीय महायज्ञ में हवन के माध्यम से कुल 84 लाख आहुतियां दी जाएंगी। यह महायज्ञ विश्व कल्याण और मेड़ता शहर की सुख-समृद्धि की कामना के साथ आयोजित किया जा रहा है। पंडित मनीष तिवारी के सानिध्य में विभिन्न स्थानों से आए विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार से प्रतिदिन नौ कुंडीय यज्ञ में अलग-अलग यजमान आहुतियां दे रहे हैं। पूर्व पालिका अध्यक्ष अनिल थानवी ने बताया कि मीरा की नगरी मेड़ता में नवरात्र के पावन अवसर पर इस विशाल शतचंडी यज्ञ का आयोजन विशेष महत्व रखता है। प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक यज्ञ का कार्यक्रम होता है, जिसके बाद आरती आयोजित की जाती है। उन्होंने शहरवासियों से आरती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। इस अवसर पर पंडित विकास मिश्र, अंकुर, शिवकांत, आदर्श, उमेश, शिवम्, कृष्णा, विनय, अधिवक्ता मधुसूदन जोशी, मुकेश जोशी, पृथ्वीराज, देवेंद्र चौहान, हिमांशु जोशी, दिलीप दवे, कृष्णकांत व्यास, पूनमचंद, लालाराम नायक, सुरेंद्र चौधरी, मूलसिंह देवड़ा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे



# विश्व जल दिवस पर ग्राम थाट की सरहद पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**ढोलामारू न्यूज**

मेड़ता सिटी। दिनांक 22 मार्च 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता के माननीय अध्यक्ष अरुण कुमार बेरीवाल तथा माननीय सचिव स्वाति शर्मा के निर्देशन में विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्राम थाट की सरहद पर जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, जल के महत्व तथा उसके सतत उपयोग के संबंध में आमजन को जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चीफ एल.ए.डी.सी. बलराम बेड़ा ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन तथा जल की बचत के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रमेशचंद्र परिहार, रामवीर सिंह राठौड़, आनंद शर्मा, इन्द्रराज चौधरी, अगस्त गुजराती, शशिकुमार शर्मा, रामप्रकाश घटेला, मूलचंद, बीरबल, हड़मान, रामदेव, नरपत सिंह, मनीष सारस्वत, हस्तीमल सारस्वत, श्रवण कुमार, गिरधारीलाल, धर्माराम तथा सुरेन्द्र सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली तथा अपने दैनिक जीवन में जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में अधिक से अधिक लोगों तक जल संरक्षण का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया गया।

## बेटियों के बढ़ते कदमः बुडसू की मधु सोनी बनीं राजस्थान पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक

**ढोलामारू न्यूज**

मकराना । मकराना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बुडसू की होनहार बेटी मधु सोनी ने अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम से सफलता का नया इतिहास रचा है। मधु सोनी पुत्री विजय कुमार सोनी का चयन राजस्थान पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई और उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिश्रम और संस्कारों की जीत मधु की यह शानदार उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और परिवार से मिले



उत्कृष्ट संस्कारों का परिणाम है। साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर राजस्थान पुलिस के राजपत्रित अधिकारी के पद तक पहुँचना उनकी अटूट मेहनत को दर्शाता है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि यदि हौसले बुलंद हों और लक्ष्य के प्रति सच्ची लगन हो, तो गांव की पगडंडियों से निकलकर भी सफलता के सर्वोच्च शिखर को छुआ जा सकता है। शुभकामनाओं का लगा तांता इस गौरवपूर्ण अवसर पर परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने मधु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मधु सोनी की यह सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए शिक्षा और स्वावलंबन की नई राह खोलेगी। मधु की सफलता न केवल सोनी परिवार का, बल्कि संपूर्ण मकराना विधानसभा क्षेत्र का गौरव है। उनकी यह उपलब्धि साबित करती है कि प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती।



## मेड़ता ब्लॉक में एसएचजी महिलाओं को मिला गुणवत्ता प्रबंधन का प्रशिक्षण संपन्न

**ढोलामारू न्यूज**

मेड़ता सिटी।आर ए एम पी पहल के तहत तीन दिवसीय क्यू. ए. क्यू. सी. कार्यक्रम आयोजन सेठ सँवरिया होटल जेतारण बाईपास मेडता में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में राजेश प्रजापत( स्टेट वॉयस चेयरमैन एमएसएमई पी सी आई ), के मुख्य अतिथि में समन्न हुआ । परिवर्तन संस्था सचिव भरत राज योगी ने बताया कि मेडता ब्लॉक में राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस पहल के अंतर्गत तीन दिवसीय क्यू. ए. क्यू. सी. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अलग अलग स्वयं सहायता ग्रुप से तीस महिलाओं ने तीन दिवसीय ट्रेनिंग में भाग लिया गया, यह कार्यक्रम आयुक्त उद्योग, वाणिज्य एवं सीएसआर विभाग द्वारा संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को गुणवत्ता प्रबंधन में दक्ष बनाना है। इस प्रशिक्षण में मेडता ब्लॉक के तीस एसएचजी समूहों के तीस सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को उत्पाद की गुणवत्ता सुधार, बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और आय सृजन के तरीकों पर प्रशिक्षित किया जा रहा हैं, कार्यक्रम में संजय सर्वा और रामशिवरी, बसंती विश्नोई, बिमला कवर, किरण फरजाना सहित अन्य ग्रामीण और महिला समूहों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह प्रशिक्षण एसएचजी महिला उद्यमियों को उत्पाद गुणवत्ता सुनिश्चित करने, बाजार में बेहतर स्थान बनाने और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा,इस अवसर पर ट्रेनर किरण ने बताय की महिलाओं को स्वयं के लधु एवँ कुटीर उधोग को विकसित करके बाजार में उच्च मूल्य में बेच करके मुनाफा कमा सकती है अलग अलग स्वयं सहायता ग्रुप की महिलाओं को फील्ड विजीट करवाई गई सभी ने आभार व्यक्त किया।

## धूमधाम के साथ मनाया ईद-उल-फितर का पर्व

### शहर काजी उस्मानी का जगह-जगह स्वागत

**ढोलामारू न्यूज**

मेड़ता सिटी। ईद-उल-फितर का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। शाही ईदगाह में प्रात- 8. 15 बजे ईद की विशेष नमाज शहर काजी हाफिज मोहम्मद अकरम उस्मानी ने पढाई। शाही ईदगाह में ईद की नमाज के बाद परम्परागत तरीके से शहर काजी उस्मानी का घोड़ी पर शाही सवारी जुलूस रवाना हुआ जो कृषि उपज मंडी रोड, नागौर चौकी, कोहिनूर मेडिकल, नन्हा बाजार, भारत वॉच कम्पनी, घोसीवाडा, मौहल्ला कुरैशियान सहित नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ हाफिज शाह बाबा की दरगाह पहुंचकर सम्पन्न हुआ। वहीं शहर काजी हाफिज मोहम्मद अकरम उस्मानी का कई जगहों पर अभिनंदन करने के साथ ही हिन्दू-मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। नागौर चौकी पर नगर पालिका की ओर से आयोजित ईद स्नेह मिलन सहित विभिन्न जगहों पर शहर काजी उस्मानी का स्वागत किया।



## कुचेरा क्षेत्र की पहली रोबोटिक लैब का शुभारंम मदर वर्ल्ड स्कूल कुचेरा में...

**ढोलामारू न्यूज**

नागौर जिले के कुचेरा क्षेत्र में संचालित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मदर वर्ल्ड स्कूल में आज अभिभावक-शिक्षक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा रैंजर साईकिल, गिफ्ट्स पैक, मेडल व सर्टिफिकेट वितरित किये गए। अभिभावकों द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित हेतु विद्यालय प्रशासन की इस पहल का आभार जताया गया। साथ में कुचेरा क्षेत्र की पहली रोबोटिक लैब का भी उद्घाटन पधारे हुए अभिभावकों द्वारा किया गया। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में सलंग्न रखने हेतु विद्यालय के ऐसे प्रयास बच्चों के मानसिक विकास को विकसित करने में सफल साबित होगे। इस सभा के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के प्रशांत सिंह नें सभी अभिभावकों व अपनें विद्यालय स्टॉफ का आभार व्यक्त किया।

## कृष्ण गोपाल गोड भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त

**ढोलामारू न्यूज**

मेड़ता सिटी।भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जस्टिस आदर्श कुमार गोयल ने क्षेत्रीय व प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए मेड़ता के सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण गोपाल गौड़ को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है क्षेत्रीय अध्यक्ष राधेश्याम रंगा ने घोषणा करते हुए बताया कि राजस्थान उत्तर प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण गोपाल गौड़ का मनोनयन किया गया है इस पर नगर के समस्त सामाजिक संगठन व संस्थाओं ने गौड़ को बधाई दी है साथ ही परिषद के संरक्षक श्याम सुंदर बिड़ला, मेड़ता शाखा के अध्यक्ष श्याम सुंदर



दाधीच, सचिव प्रवीण काबरा, कोषाध्यक्ष प्रकाश मंत्री , पर्यावरण प्रेमी ताराचंद मारोठिया आदि ने गौड़ के मनोनयन पर खुशी व्यक्त की है इस अवसर पर गौड़ ने कहा कि भारत विकास परिषद के सेवा और संस्कार के कार्यों को आगे बढ़ाना ही मेरा लक्ष्य रहेगा और और परिषद के केंद्रीय, क्षेत्रीय व प्रांतीय नेतृत्व द्वारा मेरे पर जो विश्वास किया गया उस पर मैं खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

## विश्व जल दिवस पर बम बावड़ी में सफाई अभियान का शुभारंभ, श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

### वरुण देवता की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत, सचिव स्वाति शर्मा ने मोटर संचालन कर पानी निकासी कार्य किया प्रारंभ

**ढोलामारू न्यूज**

मेड़ता सिटी। विश्व जल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता के तत्वावधान में मेड़ता स्थित ऐतिहासिक बम बावड़ी पर जल संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम एवं सफाई अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान के साथ सर्वप्रथम वरुण देवता की पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चारण द्वारा किया गया। पूजा के माध्यम से जल के महत्व को रेखांकित करते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं जनकल्याण की कामना की गई। इसके पश्चात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता की सचिव स्वाति शर्मा ने स्वयं श्रमदान कर सफाई अभियान में भाग लिया तथा उपस्थित जनसमूह को विश्व जल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जल मानव जीवन का आधार है तथा पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। समाज की सहभागिता से ही जल संकट जैसी समस्याओं का समाधान संभव है। इस अवसर पर सचिव स्वाति शर्मा द्वारा बम बावड़ी में चल रहे सफाई अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया तथा बावड़ी में जमा पानी की निकासी हेतु लगाई गई मोटर का बटन दबाकर संचालन प्रारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य बावड़ी की सफाई, जल संचयन क्षमता में वृद्धि एवं ऐतिहासिक जल स्रोतों के संरक्षण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मीरा तैराकी संघ के कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लेते हुए सफाई अभियान में सहयोग प्रदान किया। इस दौरान उमा शर्मा एवं रजत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने इस जनहितकारी अभियान की सराहना करते हुए आमजन से जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में अधिकार मित्र जुगल सिंह सोलंकी, राजकुमार दहिया, कमल भाई (जोधपुर), भगवती लाल टेलर, शिव सिंह, गणपत सिंह पिडियार, नरेंद्र सिंह शेखावत, धनपत सिंघवी, हनुमान राम, मुकेश पवार, मान कंवर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक श्रमदान कर बावड़ी परिसर की सफाई में योगदान दिया। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने, जल संरक्षण अपनाने एवं पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता द्वारा भविष्य में भी जनजागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही गई।

## रवि बिश्नोई ने स्कूल लेक्चरर (अर्थशास्त्र) परीक्षा में प्रदेश में किया टॉप

**ढोलामारू न्यूज**



मकराना । मेहनत और लगन अगर सच्ची हो, तो सफलता कदम चूमती है। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) माध्यमिक शिक्षा विभाग परीक्षा-2024 के परिणाम में बिश्नोई समाज के होनहार युवा रवि बिश्नोई ने अर्थशास्त्र विषय में अखिल राजस्थान में प्रथम रैंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। रवि बिश्नोई, बाबूलाल बिश्नोई के छोटे भाई हैं। रवि की इस सफलता के पीछे उनके बड़े भाई का मार्गदर्शन और परिवार का अटूट सहयोग रहा है। एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले रवि ने साबित कर दिया कि संसाधनों से ज्यादा संकल्प की शक्ति मायने रखती है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार में जश्न का माहौल है और शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। ?अपनी सफलता पर चर्चा करते हुए रवि ने बताया कि उन्होंने अर्थशास्त्र के जटिल सिद्धांतों को समझने के लिए निरंतर अभ्यास और गहन अध्ययन पर जोर दिया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, बड़े भाई बाबूलाल बिश्नोई के निरंतर प्रोत्साहन और अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। रवि का मानना है कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। अब वे बतौर स्कूल लेक्चरर सरकारी सेवा में जाकर विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र जैसे विषय को सरल और रोचक तरीके से पढ़ाने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखते हैं। रवि की इस उपलब्धि ने न केवल हमारे परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि यह क्षेत्र के उन तमाम युवाओं के लिए भी प्रेरणा है जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

**बाबूलाल बिश्नोई**

## आबास से 100 पदयात्रियों का जत्था जीणमाता के दर्शनार्थ हेतु हुए रवाना

**ढोलामारू न्यूज**

नावा सिटी । शहर के निकटवर्ती ग्राम आबास से रविवार को 20 वी पदयात्रा माँ जीण भवानी के दर्शनार्थ हेतु जयकारों के घोष के साथ रवाना हुए पदयात्रा प्रभारी बन्नाराम भडाना ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग 100 पदयात्रियों के जत्थे के साथ जीणमाता के दर्शनों हेतु रवाना हुए है।

## माहेश्वरी नवयुवक मंडल ने गणगौर मेले में निभाई सेवा की परंपरा, दशकों से पिला रहे हैं शीतल जल

**ढोलामारू न्यूज**

मकराना । सेवा और समर्पण की अपनी गौरवशाली परंपरा को बरकरार रखते हुए श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल मकराना द्वारा इस वर्ष भी गणगौर मेले के पावन अवसर पर झालरा तालाब पर भव्य पेयजल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि माहेश्वरी नवयुवक मंडल द्वारा पिछले 40-45 वर्षों से अनवरत रूप से गणगौर मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। भीषण गर्मी के बावजूद मेले में उमड़ने वाले जनसैलाब को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से मंडल के सदस्य पूरी निष्ठा के साथ इस सेवा कार्य में जुटे रहते हैं। इस सेवा कार्य को सफल




बनाने में मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के दौरान अध्यक्ष विनय सोमाणी और सचिव मोहित चोखडा के नेतृत्व में पूरी टीम मुस्तैद दिखी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उत्सव मांधनिया, सदस्य श्रीकांत हुरकट, सुमित ईनाणी, रौनक तोषनीवाल, सुप्रीम बियाणी, अभिषेक राठी, पवन रान्दड, सचिन चोखडा, आशीष रान्दड, अमित मालपानी सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। झालरा तालाब पर आयोजित इस पेयजल सेवा की स्थानीय नागरिकों और मेले में आए श्रद्धालुओं ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। मंडल के सदस्यों का कहना है कि समाज सेवा का यह सिलसिला भविष्य में भी इसी प्रकार अनवरत जारी रहेगा।

# श्री रगतमल भैरव दरबार में नवरात्रि पर भक्ति संध्या व महाप्रसादी का आयोजन

**ढोलामारू न्यूज**

मेड़ता सिटी। श्री रगतमल भैरव दरबार में नवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को विशाल भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। भक्ति संध्या में बालोतरा से माधुरी वैष्णव तथा मेड़ता से ललित लहरिया, महेश प्रजापत और पिंटू वैष्णव ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविवार को दरबार में माता रानी और भैरव बाबा की विशेष पूजा-अर्चना व महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 108 कन्याओं को महाप्रसादी करवाई गई। साथ ही गौमाता के लिए 251 किलो लापसी का भोग लगाया गया तथा सभी भक्तों के लिए प्रसादी की



व्यवस्था की गई। दरबार में प्रतिदिन माता रानी और भैरव बाबा की आरती व भजन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पुजारी ओमप्रकाश आसीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य पुजारी शिवरतन आसीवाल, मुकेश आसीवाल, सूरज आसीवाल, महंत हरिनारायणजी, किन्नर समाज से तारा बाईसा व बिंदिया बाईसा सहित विजयनगर से भागचंद सा, कुशलचंद सा, हुक्मचंद सा, संजय जी, धर्मेंद्र जी, सांड अंकित, अनिकेत सांड, बालोतरा से राजू शर्मा, पार्षद कैलाशचंद कंदोई, अध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल, शांतिलाल, विनोद मथुरिया, ओमप्रकाश गौड़, नरेंद्र भाटी, नेमराज मेहता, विक्रम शर्मा, अनिल थानवी, संतोष अबोटी, गिरिराज पारीक, विकास पारीक, जितेंद्र तातेड़, रमेश वैष्णव, नरेंद्र कट्टा, दीनदयाल पारीक, हंसराज मेहता, इंद्र भाटी, मनोज मेटवानी, नोरतमल बोराणा, बबलू भाटी, मुकेश सोनी, आनंद शर्मा, हरिकिशन सोनी, दिनेश बोराणा, महुल हटीला, जसनगर से रमेश वैष्णव, बस्तीमल खाबिया, शशिकुमार हटीला, रामविलास वैष्णव, रणवीर आसीवाल, सुशील सैन सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

स्वात्त्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक, पुखराज टाक शाही मार्केट, मेड़ता सिटी (राज.) द्वारा मीरां प्रिंटिंग प्रेस मीरां मार्ग मेड़ता सिटी से मुद्रित करवाकर शाही मार्केट मेड़ता सिटी (राज.) से प्रकाशित किया गया।
सम्पादक:शशांक टाक मो.9414414385 कार्यकारी सम्पादक: शरद टाक मो.9414103050 समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार EMail: pukhrajtak091@gmail.com